आषाढ़ कृष्ण पक्ष -3, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 04 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 जून 2024 सोमवार

आज का मौसम
34 अधिकतम
26 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## नई संसद का पहला सत्र शुरू, पहले शपथ फिर लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा

# संसद में बोले मोदी- सरकार के लिए बहुमत मगर देश चलाने के लिए सहमति जरूरी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

देश की 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज शुरू होग गया। आज व कल सांसदों की शपथ का दौर रहेगा। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। विपक्ष ने कांग्रेस को बडा दल बताते हुए उपाध्यक्ष का पद देने की मांग भी उठा दी है। आज सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। सत्र से पहले अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि यह गौरवमय दिन है और हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, सबको साथ लेकर संविधान का पालन करते हुए निर्णयों को गति देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत जरूरी है, लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति जरूरी है। 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी है और हम जब 18 की बात करते हैं तो भारत की जो सांस्कृतिक विरासत से जो परिचित हैं उनको पता है कि हमारे यहां 18 अंकों का बहुत सात्विक मूल्य है। गीता का 18 अध्याय है, कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश इस भाव से मिलता है। इसी तरह पुराणों और उपपुराणों की संख्या भी 18 है, 18 का मूलांक 9 है और 9 पूर्णता की गारंटी देता है। हालांकि मोदी ने आपातकाल के दौर का भी उल्लेख किया और कहा कि भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। अब संसद का ये गठन भारत के सामान्य मानवी के पूर्ति का है।





### शाह की शपथ से पहले राहुल ने क्या किया?



*आज संसद में जब गृहमंत्री अमित शाह शपथ लेने डायस पर पहुंचे तो विपक्ष की पहली कतार में बैठे राहुल गांधी संविधान की कॉपी दिखाने लगे। शाह ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद पद और गोपनीयता की शपथ ली है।इनके बाद नितिन गडकरी व शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ली। शाह गांधीनगर से चुने गये हैं, जबकि राहुल गांधी ने इस बार केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से जीत दर्ज की। संसद परिसर में कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर प्रदर्शन किया।*

### मायावती बोलीं-किसी भी वक्त गिर सकती है केंद्र सरकार

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र की मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार किसी भी वक्त गिर सकती है। लिहाजा बसपा कार्यकर्ता देश में अपने मिशन से जुड़े लोगों को आगे बढ़ाकर बसपा के जनाधार को युद्धस्तर पर बढ़ाएं। लोकसभा चुनाव में बसपा की पराजय के बाद मायावती ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों, राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई।



### दिग्विजय ने कहा- तो शिवराज को बना दें पीएम

इधर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शिवराज सिंह के बेटे कार्तिकेय चौहान के बयान पर जारी बहस के बीच हस्तक्षेप किया है और कहा है कि शिवराज को प्रधानमंत्री पद पर पदोन्नत करना चाहिए। दरअसल, कार्तिकेय ने बुधनी में जनसभा में कहा है कि शिवराज पूरे देश में सबसे लोकप्रिय नेताओं में से हैं और दिल्ली भी उन्हें नमन करती है। इसी पर दिग्विजय ने कहा कि शिवराज इतने लोकप्रिय हैं तो भाजपा नेतृत्व को इसे स्वीकार करना चाहिए और उन्हें प्रधानमंत्री पद पर पदोन्नत करने पर विचार करना चाहिए।



### इरफान पठान का मेकअप आर्टिस्ट वेसटइंडीज में डूबा

**बिजनौर , एजेंसी।** उप्र के बिजनौर शहर निवासी मेकअप आर्टिस्ट फैयाज अंसारी की वेस्टइंडीज में स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई है। फैयाज के परिजनों का कहना है कि वह टी 20 विश्व कप में कमेंटेटर के रूप में शामिल पूर्व इंडियन क्रिकेटर इरफान पठान के साथ वेस्टइंडीज गया था. इरफान ही उसके शव को वापस भेजने का खर्च उठा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मृतक फैयाज अंसारी कई साल से मुंबई में बतौर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहा था। वहां पर उसकी सैलून थी। इसी बीच एक दिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान उसके सैलून पर आए। इसके बाद दोनों में जान-पहचान हो गई और इरफान ने फैयाज को अपना मेकअप आर्टिस्ट बना लिया। इरफान उसे अपने साथ विदेश में भी ले जाने लगे।



### सड़क पर हेलिकॉप्टर का 18 हजार रु. का चालान !

**देवरिया , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों पुलिस द्वारा लालबत्ती-हूटर लगी गाड़ियों, मॉडिफाई बाइकों-कारों आदि पर एक्शन लिया जा रहा है। मगर इसकी चपेट में नवविवाहित जोड़ा भी तब आ गया, जब देवरिया पुलिस ने एक 'मॉडिफाई हेलीकॉप्टर' पर शिकंजा कस दिया। दरअसल कार को मॉडिफाई कर बनाए गए इस हेलीकॉप्टर को शादी में ले जाया गया था, लौटते वक्त पुलिस की नजर पड़ गई। जांच-पड़ताल के बाद 'हेलीकॉप्टर' का 18 हजार रुपये का चालान काट दिया गया। हालांकि,गाड़ी को सीज नहीं किया और हिदायत देकर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक कार दिल्ली के किसी मन्नू कुमार गोयल के नाम से रजिस्टर्ड है। इसे शादी-ब्याह में महंगे दाम में बुक किया जाता है।



### धर्मस्थल पर अंधाधुंध फायरिंग, 15 मौतें

**नई दिल्ली एजेंसी।** रूस के दक्षिणी प्रांत-दागेस्तान में ईसाईयों और यहूदियों के धर्मस्थल (सिनेगॉग) पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी किए जाने से कई मौतें हुई हैं। यह गोलीबारी दागेस्तान के डर्बेंट शहर में हुई है। खबरों के मुताबिक बंदूकधारियों के हमलों में 15 से अधिक पुलिसकर्मियों और कई नागरिकों की हत्या कर दी गई है। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में छह आतंकियों को मार गिराया है। हमले में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के दागेस्तान में रविवार को आतंकियों ने दो चर्च, एक सिनेगॉग (यहूदी मंदिर) और एक पुलिस पोस्ट पर हमला किया। अब क्षेत्र में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शोक दिवस मनाया जा रहा है।



### वीरांगना बलिदान दिवस



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर में नरई नाला स्थित उनके समाधि स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित किया।

### सिंघम का शेयर दांव को भी कामयाबी



**मुंबई एजेंसी।** शेयर बाजार में किस्मत और सही निवेश वारे न्यारे भी करा रहा है। हाल में एक निवेश से सिंघम कहे जाने वाले अजय देवगन ने बडा माल बनाया है। यह शेयर है पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का, जिसमें पैसे लगाने वालों की रकम सालभर में ही तीन गुना से ज्यादा हो गई है। इस स्टॉक में देवगन ने भी करोड़ों रुपये का दांव लगाया है। बीते छह महीने में ही इस शेयर की कीमत में 234 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है। देवगन ने एक लाख शेयर खरीदे थे और इसके लिए उन्होंने 2.74 करोड़ रुपये लगाए थे। अजय देवगन को ये शेयर 274 रुपये के भाव से मिले थे।

## परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए मशक्कत शुरू, पहली बैठक हुई

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए के कामकाज को देखने के लिए एक सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिये मशक्कत में जुट गई है। आज समिति की पहली बैठक हो रही है। दो दिन पहले ही इसका गठन हुआ है। इस समिति के नेतृत्व की जिम्मेदारी इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन के पास है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि सात सदस्यीय समिति अगले दो महीनों में मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सात सदस्यीय पैनल के गठन के दौरान मंत्रालय की ओर से कहा गया, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष



संचालन सुनिश्चित करने के लिए, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की संरचना और कामकाज पर सिफारिशें करने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। दूसरी तरफ एनटीए को भंग करने की मांग के बीच एनटीए ने दावा किया कि उसकी वेबसाइट और उसके सभी वेब पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित हैं। उसने पोर्टल से छेड़छाड़ के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'गलत और भ्रामक' बताया।उल्लेखनीय है कि देश में इन दिनों पेपर लीक का मामला सुर्खियों में हैं। नीट व यूजीसी-नेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आयी है। देशभर के छात्र परेशान हैं। लीक मामलों के तार 6 राज्यों से जुड़ते दिख रहे हैं। इसमें सीबीआई की एंट्री हो गई है।

### जलसंकट पर दिल्ली की मंत्री का अनशन जारी, हालत बिगड़ी

**नई दिल्ली एजेंसी।** जल संकट पर दिल्ली में सियासी पारा बढ़ा हुआ है। जल मंत्री आतिशी चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। वहीं उपराज्यपाल ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को भरोसा दिया कि वे हरियाणा सरकार से दिल्ली को पानी दिलाने का प्रयास करेंगे। पानी सत्याग्रह पर बैठी मंत्री आतिशी को मेडिकल टीम ने आज जांच करने के बाद अस्पताल में एडमिट होने की सलाह दी है। इस बीच दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने अनशन स्थल पर ही एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। आतिशी ने वीडियो मैसेज जारी किया है। उन्होंने कहा है कि डाक्टर बता रहे हैं मेरा कीटोन लेवल खतरनाक है। डॉक्टर ने कहा कि मुझे अनशन से उठ जाना चाहिए। दिल्ली में पानी लाने के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार हूं। मैं अपना अनशन जारी रखूंगी।



### मेट्रो एंकर

### बजट के बाद बावरा हुआ पाक बाजार, मगर मार्केट कैप में हमसे बहुत पीछे

## भारतीय शेयर बाजार 20%बढ़ा, पाक ने लगाई 100% की छलांग!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय शेयर बाजार के छलांग भरने के किस्से तो बहुत सामने आते रहे हैं लेकिन आर्थिक रूप से बदहाल और महंगाई के चक्र में फंसा पाकिस्तान का शेयर बाजार जो कमाल दिखा रहा है, उसका चर्चा कम होता है। भारतीय शेयर बाजार में एक साल में बीस से 25 फीसदी तक की तेजी आई है। निफ्टी में एक साल के दरम्यान 25 फीसदी तथा सेंसेक्स में करीब 21 फीसदी की तेजी आई है। दूसरी तरफ पड़ोसी देश पाकिस्तान के शेयर बाजार की बात करें तो पिछले एक साल में करीब 100 फीसदी की तेजी आई है।

हालांकि मार्केट कैप में भारतीय शेयर बाजार के आगे पाकिस्तान की तेजी कहीं नहीं ठहरती। बीएसई की वेबसाइट के मुताबिक, एक्सचेंज में लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 410 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। यही नहीं, मार्केट कैप के हिसाब भारतीय शेयर बाजार दुनिया का 5वां सबसे स्टॉक मार्केट है। जबकि पाकिस्तान का शेयर बाजार टॉप-100 से बाहर है। दरअसल, पाकिस्तानी शेयर बाजार में पिछले एक हफ्ते से पैसों की बरसात हो रही है। स तेजी के साथ पिछले एक साल में कराची स्टॉक एक्सचेंज ( में सौ फीसदी तेजी देखने को मिली है। वहीं पाकिस्तान के प्रमुख इंडेक्स में भी 100 फीसदी की तेजी आई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ठीक एक साल पहले कराची इंडेक्स 40000 अंक के आसपास था, जो अब बढ़कर 80 हजार पार कर गया है. वहीं FTSE इंडेक्स भी एक साल में करीब 100 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1100 अंक को पार कर चुका है। इस तेजी के कारण निवेशकों में पाकिस्तानी शेयर बाजार को लेकर थोड़ा भरोसा लौटा है।



### तेजी का कारण बजट का आकार

*बीते दिनों पाकिस्तान में बजट पेश किया गया. इस बार बजट का साइज करीब 18.88 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये था, जो कि पिछले साल की तुलना में 30.56 फीसदी ज्यादा है। बजट के अगले ही दिन से बाजार में तेजी है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान सरकार का अगले साल देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्राइवेटाइजेशन पर फोकस रह सकता है,इससे मुद्रा कोष से पाकिस्तान को कर्ज मिलने में आसानी होगी। इसी भरोसे पर निवेशक अब निवेश कर रहे हैं। दरअसल लोन पाने के लिए पाकिस्तान पर शर्तों का दबाव है।*

### मुख्यमंत्री कार्यालय में अफसरों के बीच कामों का विभाजन हुआ


# पावर में राजौरा, शुक्ल व यादव भी अब मुख्य भूमिकाओं में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री कार्यालय में अब मुख्यमंत्री के बाद पावर में अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ही होंगे। मुख्यमंत्री ने कल शाम अपने सचिवालय में अफसरों की जवाबदेही तय की है,उन्हें विभागीय कामों का बंटवारा किया गया है। दरअसल, यह भी पहली बार ही है कि सीएम सचिवालय में अपर मुख्यसचिव स्तर के अफसर की तैनाती की गई है, इसके पहले प्रमुख सचिव स्तर के अफसर ही सारा काम देखते रहे हैं। ताजा कार्यविभाजन के बाद राजौरा के पास से मप्र के विकास या अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों की फाइलें आगे बढ़ेंगी और फिर मुख्यमंत्री उन पर निर्णय लेंगे। हालांकि राजौरा से आगे की एक कड़ी रा'य की मुख्य सचिव वीरा राणा है, जिन पर पूरा प्रशासनिक सिस्टम टिका हुआ है। लेकिन सीएम सचिवालय को हमेशा ही ताकतवर माना जाता रहा है।



मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ अपर मुख्य सचिव से लेकर निचले स्तर के अधिकारियों के बीच कामों का विभाजन किया तो काफी सारे कयास के दौर खत्म हो गया। अब तक माना जा रहा था कि सीएम के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह को अन्यत्र पदस्थापना दी जाएगी,लेंकिन उन्हें भी काम आवंटित कर दिये गये हैं। वही राजौरा सचिवालय के बॉस होंगे। वह मुख्यमंत्री के गृह जिले उज्जैन और इंदौर संभाग को भी देखेंगे। भाजपा के संकल्प पत्र-202× में की घोषणाओं को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी भी उन्हें ही दी गई है। जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव संजय शुक्ल को भोपाल, नर्मदापुरम और शहडोल संभाग के साथ मुख्यमंत्री की घोषणाएं व सरकार की प्राथमिकता वाली परियोजनाएं, मुख्यमंत्री स्वेछानुदान समेत कई अहम जिम्मेदारियां दी है। प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ग्वालियर, चंबल व सागर संभागों के साथ मुख्यमंत्री को प्रेषित किए जाने वाले सांसद, विधायकों की फाइलों को आगे बढ़वाएंगे। उनके पास कुछ विभागों की भी जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव भरत यादव को सिंहस्थ 2028 को सफल बनाने और मुख्यमंत्री के दौरे जैसी अहम जिम्मेदारी दी है। वह जनसंपर्क का काम के साथ जबलपुर व रीवा संभागों का जिम्मा भी संभालेंगे। अन्य अधिकारियों के बीच भी काम बांटा गया है।



**अपर मुख्य सचिव से लेकर सचिव तक को संभागों की जिम्मेदारी**

# सिवनी गोवंश हत्या मामले की रिपोर्ट का इंतजार, बाकी जिम्मेदारों का नपना भी तय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकार को सिवनी गोवंश हत्या मामले में रिपोर्ट का इंतजार है, इसके आधार पर कई और जिम्मेदारों पर गाज गिर सकती है। खुद मुख्यमंत्री की ओर से रविवार को यह मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा था कि एडीजी स्तर के पुलिस अधिकारियों का दल बनाकर सिवनी जांच के लिए भेजा है। रिपोर्ट आते ही ठोस कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सिवनी जिले में 19 जून को एक ही दिन में स्थानों पर कई गोवंश के अवशेष मिले थे। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। 20 जून को तस्कर रंगे हाथों पकड़े गए, उनके पास से मृत मवेशी मिले थे। सरकार को आशंका हुई कि जिले में गोवंश की तस्करी धड़ल्ले से की जा रही है। जिसे रोकने में कलेक्टर व एसपी नाकाम रहे हैं। सरकार ने तत्काल कलेक्टर और एसपी को हटा दिया।

असल में कांग्रेस गोवंश हत्याकांड को लेकर शुरू से हावी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव सरकार को घेर चुके हैं तो सरकार खुद गोवंश का खुद को हितैषी कहती रही है। ऐसे में गोवंश की हत्या और उनकी तस्करी के मामले ने जनता का ध्यान खिंचा और कहीं न कहीं सरकार को किरकिरी का सामना करना पड़ा है। हालांकि सरकार बीते छह महीने से गोवंश संरक्षण पर विशेष जोर देने का दावा कर रही थी, उसके बीच सिवनी जैसी घटना सामने आई।

### सरकार ने पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में गठित की है उच्च स्तरीय समिति



### क्यों सुलग रहा सिवनी गोवंश हत्याकांड

गोवंश की सुरक्षा को लेकर पहले से गंभीर सरकार सिवनी की घटना के बाद और सख्त हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दो टूक कहा कि गोवंश की तस्करी या अवैध कारोबार करने वालों को ध्वस्त कर देंगे, जो लोग इस अवैध धंधे में शामिल होंगे, उनसे सख्ती के साथ निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने ये बातें रविवार को कही। इसके पहले शनिवार देर रात को सिवनी जिले के कलेक्टर और एसपी को हटा दिया था। ये कार्रवाई जिले में दो दिन के भीतर से अधिक गोवंश की मौत् और उनके अवशेष मिलने के बाद की।

# कल फिर कैबिनेट, मंत्री करेंगे विभागों की समीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र की मोहन कैबिनेट की कल 25 जून को कैबिनेट की फिर बैठक हो रही है। बैठक के बाद मंत्री अपने-अपने विभागों की समीक्षा करेंगे। मंत्रियों को आगामी छह माह में अपने विभागों के कामकाज को लेकर परफार्मेंस दिखाने का भी दबाव है लिहाजा वे विभाग के कामकाज में बेहतर बनाने मे भी जुट रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव इसी आधार पर मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। यह रिपोर्ट भाजपा शीर्ष नेतृत्व तक भेजी जाएगी। लिहाजा मंत्री भी बैठक के बाद अपने विभाग की वित्तीय स्थिति की अधिकारियों से जानकारी लेंगे और आवश्यक बजट की मांग को लेकर प्रस्ताव बनाने के निर्देश देंगे। कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य मंत्रियों ने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक शुरू कर दी है। वहीं जिन मंत्रियों ने अपने विभागीय अधिकारियों के साथ बजट को लेकर बैठक नहीं की है वे कैबिनेट की बैठक के बाद समीक्षा करेंगे।



**परफार्मेंस सुधारने का दबाव**

इसमें केंद्र सरकार से बजट की मांग के लेकर भी चर्चा होगी। वहीं सरकार पर वित्तीय भार बढ़ाने वाली अनुपयोगी योजनाओं बंद या पूर्व की तरह संचालित करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बाद में इसकी रिपोर्ट मंत्री, मुख्यमंत्री को देंगे।

दरअसल, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिल सके, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर जमीनी स्तर पर इसका सफल क्रियान्वयन हो। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर 38 यूनिट रक्तदान



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गुरुनानक मंडल द्वारा शहीद गेट ईदगाह हिल्स पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, रक्तदान शिविर मे 38 रक्तदानियों ने रक्तदान किया, इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि आज सभी मनुष्य को एक बार रक्तदान जरूर करें। रक्तदान करने से जहां शरीर बीमारियों से दूर रहता है। वहीं रक्त में नई उर्जा का संचार होता है। जब हम रक्तदान करते हैं तो उससे हम किसी का जीवन बचाते हैं इसलिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इस अवसर पर सत्यार्थ अग्रवाल एंवम देवेंद्र भार्गव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर जनहित में लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर अनिल ठारवानी ,विष्णु राजपूत, यतिन मकवाना, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, संदीप कल्याणे, मनीष माकोरिया, जितेन्द्र ठकुरिया, चंदू यादव,राजकुमारी डागोर, सुकांति ठकुरिया सहित युवा साथी उपस्थित थे।

# स्लीपर कोच वाली वंदेभारत भोपाल से भी गुजरेगी

**अगले महीने हो सकता है ट्रायल**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वंदे भारत श्रंखला की पहली स्लीपर ट्रेन राजधानी भोपाल से गुजरने वाली है। यह मुंबई से दिल्ली के बीच चलाई जाएगी। इस ट्रेन के चलने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बहुत फायदा मिलेगा। दिल्ली-मुंबई रेलवे रूट काफी व्यस्त और महत्वपूर्ण है। ज्यादा यात्रियों के चलते इस रूट पर ट्रेनें फुल रहती हैं, आसानी से रिजर्वेशन में भी दिक्कत होती है। यही वजह है कि दिल्ली-मुंबई रूट पर सबसे पहले स्लीपर ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ दिनों पहले ऐलान किया था कि भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 2 महीनों के भीतर ट्रैक पर होगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के ट्रेनसेट का कार्य तेजी से चल रहा है और पहली ट्रेन 2 महीनों के भीतर ट्रैक पर होगी। उन्होंने बताया कि सभी तकनीकी कार्य अंतिम चरण में हैं। इस रूट पर अगले महीने से ट्रायल शुरू हो सकता है।



बताया जाता है कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफर बेहद आराम दायक होगा। इस ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे। इसमें 10 कोच थर्ड एसी, चार कोच सेकेंड एसी के होंगे, वहीं एक कोच फर्स्ट एसी का होगा। स्लीपर वंदे भारत ट्रेन में दो एसएलआर कोच भी होंगे। जानकारी के मुताबिक, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन प्रथम चरण में 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। इसके बाद धीरे-धीरे 160-220 प्रतिघंटे की स्पीड से चलने लगेगी।



## ऋतु प्रेम रंग 'मनमोहना'

**भोपाल।** नृत्य मंजरी कला पीठ ने नृत्योत्सव आयोजन रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप (एलबीटी) में किया गया। इस मौके पर नृत्य-नाटिक ऋतु प्रेम रंग 'मनमोहना' में भगवान श्रीकृष्ण और राधा का एक-दूसरे के प्रति प्रेम छह ऋतुओं के माध्यम से दर्शाया नृत्य नाटिका में पांच से 30 वर्ष तक की उम्र के 110 कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति दी।

**मेट्रो एंकर** | **जोन स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम**

# 'बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण स्थान'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण स्थान है । जिस प्रकार से एक नन्हे से पौधे के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर उसे सुरक्षित रखा जाता है, जिससे उस पौधे को कोई नुकसान न पहुंचा सके । समय बीतने के साथ वह पौधा जब पेड़ का रूप धारण कर लेता है तो उसी पेड़ से मीठे मीठे फलों के साथ ठंडी छांव भी ली जा सकती है। अगर बच्चों को बचपन से ही आध्यात्मिक चेतना की देख-रेख में रखा जाये तो वही बच्चा आगे चलकर एक गुरसिख के रूप में निखरकर सामने आता है।

यह विचार निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए, में जोन स्तरीय बाल संत समागम में महात्मा डॉ. समीर विश्वास ने कहे। समागम का आयोजन बैतूल में किया गया था। उन्होंने कहा कि यह बच्चे देश का और निरंकारी मिशन का भविष्य है । यह बच्चे अभी से जिस प्रकार भक्ति में डूबे हुए हैं इससे यह प्रतीत होता है कि निरंकारी मिशन जवानों, बुजुर्गों सहित बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दे रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से जोन की सभी ब्रांचों में इस तरह के आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों में भक्ति के प्रति जागरुकता बढ़ रही है और इसी भक्ति के मार्ग पर चलते हुए यह बच्चे बड़े होकर माता-पिता, निरंकारी मिशन और देश का नाम रोशन करेंगे ।





**भक्तिमय प्रस्तुतियां:** बाल संत समागम में बच्चों द्वारा आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गई । इस दौरान बड़ी संख्या में निरंकारी बाल संतों द्वारा नृत्य, नाटक और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया । बाल संतो ने समागम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को आज में सुकून - कल में सुकून, सतगुरु के ज्ञान से - हर पल में सुकून का संदेश देते हुए नृत्य, नाटक का भी अभिनय कर निरंकारी मिशन की गतिविधियों से अवगत कराया । ज्ञातव्य है कि संत निरंकारी मंडल जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचो में विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के निर्देशन में निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं । समागम के अंत में बैतूल ब्रांच के मुखी महात्मा रूपेश आहूजा द्वारा संत और साध संगत का आभार प्रकट किया गया । इसके उपरांत जोन के उपस्थित बाल संगत इंचार्जों को जोनल इंचार्ज एवं स्थानीय मुखी महात्मा द्वारा पौधे भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

# ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष बने पुरी




**हिरदाराम नगर।** ऑल ड्रायवर कल्याण संघ के चुनाव हुए, बैरागढ़ कला स्थित चित्र-विचित्र हनुमान मंदिर में हुए चुनाव में अखिलेश पुरी को जिलाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष रंजीत यादव को चुना गया। यादव ने उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा कि ड्राइवरों के हित के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। सरकार के स्तर पर चालकों की समस्याओं को उठाया जाएगा। जिलाध्यक्ष पुरी ने कहा कि चालकों की हर समस्या का समाधान होगा। ड्रायवरों के हित में जो भी काम करना होगा करेंगे। इस अवसर पर चुने गए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया



# शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान की प्रतीक
# वीरांगना रानी दुर्गावती
## को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का
## शत्-शत् नमन

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



"देश के स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान से मध्यप्रदेश की धरा धन्य हुई है। उनके पराक्रम से गौरवान्वित प्रदेश, समतामूलक समाज की स्थापना और अपने जनजातीय भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## 461वें बलिदान दिवस पर
# पुण्य स्मरण समारोह

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**24 जून, 2024**

पूर्वाह्न 10.00 बजे । समाधि स्थल, नरई नाला, जबलपुर

पूर्वाह्न 11.00 बजे । वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड, जबलपुर

## जनजातीय समाज और उनकी संस्कृति के लिए समर्पित मध्यप्रदेश सरकार

- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी की वीरगाथा को स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय
- समाज में असाधारण योगदान देने वाली महिलाओं के लिये रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी के नाम पर 2 पुरस्कार शुरू करने का निर्णय
- छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के रूप में नामकरण
- 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय बढ़ाकर ₹ 3000 से ₹ 4000 किया गया
- पीएम जन-मन योजना के माध्यम से शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया गया
- विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹ 7300 करोड़ से आंगनवाड़ी केंद्र, छात्रावास, सड़कें, पुल और आवासों के निर्माण का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ₹ 170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- कक्षा 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2023-24 में 2.59 लाख विद्यार्थियों को ₹ 494 करोड़ की छात्रवृत्ति
- आकांक्षा योजना में जे.ई.ई., क्लैट, नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिये कोचिंग सुविधा
- उच्च शिक्षा के लिए वर्ष 2023-24 में ₹ 159 करोड़ की सहायता से 1.25 लाख विद्यार्थियों को आवास भत्ता
- KG-1 से कक्षा 12वीं तक शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए 94 सीएम राइज़ स्कूल संचालित
- विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में प्रतिवर्ष 50 विद्यार्थियों को लाभांवित करने का लक्ष्य। वर्ष 2023-24 में ₹ 2.90 करोड़ की सहायता
- जनजातीय बच्चों के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर और 8 आदर्श आवासीय विशिष्ट विद्यालय संचालित
- मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से सीधे जनजातीय ग्रामों तक पहुंच रहा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिला रोज़गार
- आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवारों के पोषण के लिए प्रतिमाह ₹ 1500 की राशि के तहत वर्ष 2023-24 में 2 लाख से अधिक महिलाओं को ₹ 323 करोड़ की सहायता
- प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में सिकल सेल उन्मूलन मिशन लागू
- वर्ष 2023-24 में ₹ 48.42 करोड़ से जनजातीय बस्तियों में विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेयजल, सामुदायिक भवन, छात्रावास, सी.सी. रोड जैसी 691 बुनियादी सुविधाओं का निर्माण
- विशेष पिछड़ी जनजातीय जिलों में कौशल विकास केंद्र संचालित
- वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत 6 लाख से अधिक प्राप्त दावों में से 2 लाख 70 हजार दावों को मान्यता। 3 लाख 62 हजार से अधिक निरस्त दावों का पुनः परीक्षण जारी
- प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में विकास कार्यों के लिए 7307 ग्राम चयनित
- जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार देने के लिये पेसा नियम लागू
- युवाओं के लिये भगवान बिरसा मुंडा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण जैसी योजनाएं संचालित

D-11022/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

**मध्यप्रदेश शासन**

## संपादकीय

# राज्य के दर्जे की आस

जम्मू-कश्मीर ऐसे मुकाम पर आ खड़ा हुआ है, जहां से उसकी बेहतरी और परेशानी के रास्ते जाते हैं। हाल में तीसरी बार सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कुछ कहा, वह कश्मीर की बेहतरी की भावना वाला संबोधन ही माना जा सकता है। दरअसल योग दिवस के मौके पर उन्होंने वहां के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षा को संबोधित किया है। उन्होंने न केवल वहां जल्द चुनाव कराए जाने का संकेत दिया बल्कि यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में अब ज्यादा देर नहीं है। बेशक ये दोनों मुद्दे जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल के करीब हैं, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ऐसी घोषणाओं से आगे बढ़कर काफी कुछ करने की शुरूआत जल्द हो। पीएम मोदी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले ही दिन इन दोनों मसलों का जिक्र किया जो यह तो माना ही जा सकता है कि सरकार की प्राथमिकता सूची में ये दोनों मुद्दे काफी ऊपर हैं। फिर भी ये घोषणाएं वहां तत्काल खास उत्साह नहीं जगा पा रही हैं तो इसकी एक वजह यह भी है कि इनमें स्पष्टता और ज्यादा होना चाहिये थी। प्रधानमंत्री की बातों से यह साफ नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब तक दिए जाने की योजना है। यही कारण रहा कि पीएम के बयान के बाद वहां से यह मांग उठी कि सरकार को चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे देना चाहिए। विधानसभा चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर की समयसीमा तय कर चुका है। लेकिन चुनाव राज्य की विधानसभा के लिए होगा या केंद्रशासित क्षेत्र के लिए यह तय नहीं है। फिर, पीएम का बयान भी उस पर कोई रोशनी नहीं डालता है। इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगी है। लेकिन फिर भी ये घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुई हैं। खासकर पीएम मोदी की तीसरी बार शपथ के साथ ही कुछ घटनाएं हुई हैं और सुरक्षाबलों को काफी सतर्कता पर रखा गया है। इससे लगता है कि आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का अहसास कराने की कोशिश से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में चुनावों के दौरान उनकी तरफ से बाधा डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। मोदी ने अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को हासिल विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद किए गए कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे उसके बाद विकास का फल राज्य के लोगों तक ज्यादा आसानी से और ज्यादा मात्रा में पहुंच रहा है। लेकिन इस बारे में राज्य के लोगों की क्या राय है यह चुनावों से जाहिर होगा। हाल में कश्मीर में लोकसभा चुनावों में वोटिंग का दशकों पुराना रेकॉर्ड टूटना जरूर एक उपलब्धि जरूर है जो बता रही है कि आतंकी तत्वों की लाख कोशिशों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया के जरिए मुख्यधारा से जुड़ने की आम लोगों की इच्छा कम नहीं हुई है। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसी भी सूरत में चुनाव की सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई समयसीमा आगे न बढ़ने दी जाए। क्योंकि आतंकी अपने मंसूबे तमाम पहरेबंदी के बाद भी बार बार जाहिर करने की कोशिश कर रहे हैं, यदि चुनावों में देरी होती रही तो नागरिकों का हालिया उत्साह भी कम होने की आशंका बढेगी तथा आतंकवादी भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश करेंगे,जैसा बीते कुछ दिनों में नजर आया है। लिहाजा वहां के आमआदमी की सत्ता में भागीदारी के लिये चुनाव के चक्र तेजी से घुमाना सबसे जरूरी हो गया है।

# शिक्षा की गंगा में दलदल और आपराधिक राजनीति से लाखों प्रभावित

■ **आलोक मेहता**

हमारे पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने 28 फरवरी 1950 को अंतर्विश्वविद्यालय बोर्ड के समारोह में कहा था - 'मेरी समझ से किसी भी छात्र के लिए केवल बौद्धिक उपलब्धि के बजाय मानसिक , नैतिक और आध्यात्मिक



विकास का महत्व है।' आजादी के 75 साल बाद ऐसा लगा रहा है कि समाज और राजनीति के एक बड़े वर्ग ने केवल निजी लाभ और अनैतिक हथकंडों से नई पीढ़ी को गलत दिशा से बर्बाद करने का रास्ता अपना लिया है । इसीलिए उच्च शिक्षा और भविष्य के रोजगार से जुडी राष्ट्रीय परीक्षाओं में धांधली के कारण देश भर में हंगामा है । नीट परीक्षा में पेपर लीक , नेता अधिकारी अपराधी गैंग द्वारा लाखों रुपए वसूल कर कुछ स्थानों पर मासूम छात्रों और उनके परिवारों को जाल में फंसाकर अन्य लाखों छात्रों के भविष्य के लिए मुसीबत पैदा कर दी है । मामला सुप्रीम कोर्ट पंहुचा और उच्च स्तरीय जांच में अनेक प्रादेशिक तथा राष्ट्रीय जाँच एजेंसियां जुट गई हैं । सरकार के स्पष्टीकरणों से हंगामा थमता नहीं दिख रहा है । चुनाव के तत्काल बाद होने जा रहे संसद के सत्र के लिए कांग्रेस और प्रतिपक्ष को बड़ा मुद्दा मिल गया है। प्रतिपक्ष तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करने लगा है ।

दूसरी तरफ नीट घोटाले की आंच बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव तक भी पहुंचती दिख रही है। नीट विवाद में जिस तरह प्रीतम यादव के द्वारा षडयंत्र किए जाने का मामला सामने आया है, यह इशारा करता है कि इस विवाद में बड़े नेताओं का हाथ होगा। उनके सहयोग के बिना प्रीतम यादव अपने दम पर यह भ्रष्टाचार नहीं कर सकते थे। नीट घोटाले में तेजस्वी यादव के जिस पीए प्रीतम यादव पर आरोपियों को एनएचएआई के गेस्ट हाउस में कमरा उपलब्ध कराने का नाम सामने आ रहा है, वह तेजस्वी के बेहद करीबी सहयोगियों में शामिल है। भाजपा का आरोप है कि प्रीतम यादव ने अपने स्तर पर ही आरोपियों को ठहराने का काम नहीं किया होगा। इसके पीछे तेजस्वी यादव का हाथ हो सकता है। पार्टी ने नीट स्कैम में सीधे तेजस्वी यादव की भूमिका की जांच की मांग की है। इसके पहले राजद नेता लालू प्रसाद यादव जमीन के बदले नौकरी दिलाने के आरोपों से घिर चुके हैं। यदि इस मामले में तेजस्वी यादव की कोई भी भूमिका सामने आती है, तो राहुल गाँधी की कांग्रेस के गठबंधन को नई समस्याओं का सामना करना पडेगा और आने वाले विधान सभा चुनावों में बचाव कठिन हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में नीट पर याचिका परीक्षा खत्म होने के बाद से ही दायर हो रही है। तब नीट पेपर लीक के मद्देनजर नीट की दुबारा परीक्षा और रिजल्ट पर रोक की मांग की गई थी। लेकिन कोर्ट ने रिजल्ट पर स्टे से मना कर दिया और री-एग्जाम को लेकर जुलाई में सुनवाई करने की बात कही । सचमुच दुःख की बात यह ही कि परीक्षाओं में लाखों बच्चे मेहनत से तैयारी करते हैं और अपनी जिंदगी के सबसे कीमती पल इस तैयारी में लगाते हैं। पूरा परिवार इस प्रयास में अपनी श्रद्धा और शक्ति डालता है। लेकिन साल दर साल इन परीक्षाओं में पेपर लीक, रिजल्ट से जुड़ी गड़बड़िया सामने आई हैं।अब सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ियों के अपराध पर दस साल की सजा और एक करोड़ रूपये के जुर्माने के क़ानूनी प्रावधान का आदेश जारी कर दिया है। लेकिन क्या इस तरह के मामलों पर समयबद्ध सुनवाई और कठोर सजा हो पाएगी? हमारी न्याय व्यवस्था में तारीखों का सिलसिला वर्षों तक चलता है। असल में प्रतिपक्ष के नेता शायद यह भूल रहे हैं कि शिक्षा के क्षेत्र में राजनीति उनके सत्ता काल में ही शुरु हुई । शिक्षा नीति को न ठीक से बनाया गया और अनेक आयोगों सिफारिशों के बावजूद उनका सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं किया । जिस नेशनल टेस्ट एजेंसी ( एन टी ए ) को लेकर कांग्रेस हंगामा कर रही है , उसके गठन और अधिकारों का काम कांग्रेस सरकार ने 2010 से 2013 के दौरान अपनी सत्ता काल में तय किया था । मोदी सरकार ने तो 201। में इसके लिए बजट का प्रावधान किया और 2018 में उच्च शिक्षा की विभिन्न परीक्षओं के लिए इसका गठन किया । पिछले वर्षों के दौरान भी कुछ स्थानों और परीक्षा में गड़बड़ी की घटनाएं सामने आई थी । लेकिन इस बार गड़बड़ी और अपराध की जड़ों में नेताओं के हाथ




सामने आ रहे हैं । इसके लिए कोई एक पार्टी ही कटघरे में नहीं है । राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं से अधिक गंभीर गड़बड़ियों के आरोप राज्य स्तर की परीक्षाओं और सरकारी भर्तियों को लेकर आते रहे हैं । उनमें भी करोड़ों रुपयों का भ्र्ष्टाचार हुआ है । पिछले कुछ वर्षों में 15 राज्यों की 40 से अधिक परीक्षाओं में गड़बड़ी के गंभीर आरोप सामने आए हैं । सवाल यह भी है कि टेक्नोलॉजी में बहुत प्रगति के बाद नई पीढ़ी के साथ देश के भविष्य से जुडी ऐसी परीक्षाएं कम्प्यूटर आधरित प्रश्न पत्रों वाली कैट परीक्षा की तरह ही उच्च शिक्षा की प्रवेश परीक्षा और प्रादेशिक नौकरियों की भर्ती की परीक्षाएं क्यों नहीं संचालित की जाएं? कंप्यूटर से तो हजारों प्रश्नों में से छात्रों को अलग अलग प्रश्न मिलेंगे और न पेपर लीक की गुंजाईश होगी और न ही कोई नड़ल कर सकेगा । हाँ कई नेताओं और अधिकारियों और उनसे जुड़े दलालों के धंधे ठप्प हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट और संसद में अब यह मुद्दा आ गया है , तो चार वर्ष पहले मोदी सरकार दवरा बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विस्तार करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाकर राजनीतिक सहमति बनाने का प्रयास किया जाए । संविधानवेत्ताओं ने शिक्षा के लिए मानदंड करते समय यह कल्पना नहीं की होगी कि राज्यों की स्वायत्तता के कारण सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था में भयानक खींचातानी, गड़बड़ियां और मनमानी होने लगेगी और राजनीति से शिक्षा के पवित्र स्थल बुरी तरह दूषित हो जाएंगे । बहरहाल अब भी समय है महत्वपूर्ण बदलाव का । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करते समय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था - हम सभी एक ऐसे क्षण का हिस्सा बन रहे हैं जो हमारे देश के भविष्य निर्माण की नींव डाल रहा है। ये एक ऐसा क्षण है जिसमें नए युग के निर्माण के बीज पड़े हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 21वीं सदी के भारत को नई दिशा देने वाली है। पिछले तीन दशकों में दुनिया का हर क्षेत्र बदल गया। हर व्यवस्था बदल गई। इन तीन दशकों में हमारे जीवन का शायद ही कोई पक्ष हो जो पहले जैसा हो। लेकिन वो मार्ग, जिस पर चलते हुए समाज भविष्य की तरफ बढ़ता है, हमारी शिक्षा व्यवस्था, वो अब भी पुराने ढर्रे पर ही चल रही थी। पुरानी शिक्षा व्यवस्था को बदलना उतना ही आवश्यक था जितना किसी खराब हुए ब्लैकबोर्ड को बदलना आवश्यक होता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी नए भारत की, नई उम्मीदों की, नई आवश्यकताओं की पूर्ति का सशक्त माध्यम है। इसके पीछे चार-पांच वर्षों की कड़ी मेहनत है, हर क्षेत्र, हर विधा, हर भाषा के लोगों ने इस पर दिन रात काम किया है। लेकिन ये काम अभी पूरा नहीं हुआ है। बल्कि अब तो काम की असली शुरुआत हुई है। अब हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति को उतने ही प्रभावी तरीके से लागू करना है। नई शिक्षा नीति के प्रारुप में स्पष्ट रुप से हुए कहा गया है - शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने, एक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण समाज के विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत आवश्यकता है। अगले दशक में भारत दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश होगा और इन युवाओं को उच्चतम गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा। यहां भारत द्वारा वर्ष 2015 में अपनाए गए सतत विकास एजेंडा 2030 के लक्ष्य में परिलक्षित वैश्विक शिक्षा विकास एजेंडा के अनुसार वर्ष 2030 तक 'सभी के लिए समावेशी और सामान गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवनपर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने' का लक्ष्य भी स्पष्ट किया गया है। परिचय में ही इस बात की व्यापक चर्चा है कि ज्ञान के परिदृश्य में पूरा विश्व तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। बिग डाटा, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में हो रहे बहुत से वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के चलते नई शिक्षा-व्यवस्था में प्रयास किए गए हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और घटते प्राकृतिक संसाधनों की वजह से हमें ऊर्जा, भोजन, पानी, स्वच्छता आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रास्ते खोजने होंगे और इस कारण भी जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जलवायु विज्ञान और समाज विज्ञान के क्षेत्रों में नए कुशल कामगारों की जरूरत होगी, इसलिए कौशल विकास पर नई शिक्षा व्यवस्था बल देती है। शिक्षा-व्यवस्था के माध्यम से युवा वर्ग की नए भारत के निर्माण में भागीदारी भी सुनिश्चित करती है। नई शिक्षा नीति प्रतिस्पर्धा में विकसित हुए इंजीनियर, डॉक्टर, वकील एवं प्रबंधन आदि के क्षेत्रों के व्यवसायों से भिन्न अन्य महत्वपूर्ण व्यवसायों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करती है। भारत एक विकसित देश बनने के साथ-साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है, इसलिए ऐसे दौर में नई शिक्षा नीति नई आवश्यकताओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं के अनुरूप है। इसलिए मोदी सरकार , नई संसद और आवश्यकता हो तो सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान या पूर्व निष्पक्ष न्यायाधीशों , शिक्षाविदों को मिलकर भविष्य के लिए शिक्षा का उज्जवल रास्ता बनाना चाहिए ।

# नागरिक सत्ता और सेना के रिश्ते को सुधारें, एनएसएस लाएं

■ **ले. जनरल प्रकाश मेनन**

2024 के लोकसभा चुनाव और उसके नतीजों ने भारत की लोकतांत्रिक छवि को निश्चित रूप से मजबूत किया है. तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार किस दिशा में आगे बढ़ती है, यह उसकी नीतियों और कार्रवाइयों से स्पष्ट हो जाएगा. इससे यह भी स्पष्ट होगा कि वह चुनावी नतीजे के व्यापक राजनीतिक आयामों को किस हद तक स्वीकार करती है. वैसे, यह आकलन बेशक व्यक्तिनिष्ठ ही होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा और खासकर नागरिक-सैनिक संबंध के मामले में सुधारों का रास्ता हमेशा लंबा और अंतहीन ही होता है. सुधारों की निरंतर कोशिश कितनी महत्वपूर्ण है इसे बताने की ज़रूरत नहीं. इसकी ज़रूरत इस तथ्य की वजह से है कि राजनीतिक नेतृत्व राजकाज चलाने में सैन्य तंत्र का उपयोग तो करता है और उसे स्वरूप भी प्रदान करता है, लेकिन सैन्य मामलों के बारे में उसका ज्ञान पेशेवर सैन्य नेतृत्व द्वारा दी गई जानकारियों के बिना ज़ाहिर तौर पर अपर्याप्त होता है. ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि सैन्य बल के जरिए जो राजनीतिक लक्ष्य हासिल किए जाने हैं उन्हें ठोस रूप राजनीतिक और सैन्य नेतृत्वों के बीच गहरे संवाद के जरिए ही दिया जाना चाहिए. ऐसे संवादों को लक्ष्यों, क्षमताओं, आवश्यक संसाधनों और जोखिमों के बारे में आपसी समझदारी का सहारा मिलना ही चाहिए।

नागरिक-सैन्य संबंधों का प्रथम लक्ष्य जटिल होते राजनीतिक, रणनीतिक, तकनीकी, आर्थिक और भू-राजनीतिक माहौल में सेना की प्रभावशीलता को मजबूत बनाना होना चाहिए. आपसी समझदारी के अभाव में राजनीतिक नेतृत्व या तो सेना की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पाएगा या उससे अपनी क्षमता से बाहर के काम करवाने की कोशिश करेगा। भारत के संवैधानिक ढांचे में राष्ट्रपति सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर होता है, जो नागरिक सत्ता को वरीयता प्रदान करता है, लेकिन जिस सेना से ताकत के इस्तेमाल की अपेक्षा की जाती है वह एकमात्र पेशेगत सत्ता है जो बड़े पैमाने पर हिंसा को रोकने और देश को दुश्मनों द्वारा हिंसा फैलाने की कोशिश से सुरक्षा देने के लिए जिम्मेदार होती है. इसका अर्थ यह है कि नागरिक सत्ता की सर्वोच्चता के बावजूद राजनीतिक नेतृत्व सैन्य रणनीति को स्वरूप देने और उसे लागू करने के लिए सैन्य परामर्श पर बहुत हद तक निर्भर होता है।चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के पद का



निर्माण 1 जनवरी 2020 को किया गया. आदेश दिया गया कि सीडीएस तीनों सेनाओं के मामलों में रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार की और न्यूक्लियर कमांड ऑथरिटी (एनसीए) के सैन्य सलाहकार की भूमिका निभाएंगे. ये भूमिकाएं सेना के विकास और संभावित उपयोग से संबंधित होंगी, जबकि एनसीए सिर्फ परमाणु हथियारों के उपयोग के मामले देखेगी. इसके साथ सीडीएस को दो और जिम्मेदारियां निभानी हैं – एक तो सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के सेक्रेटरी की और दूसरी चीफ ऑफ द स्टाफ कमिटी के स्थायी चेयरमैन (पीसीसीओएससी) की. इन पदों की सलाहकार वाली भूमिका को शांति काल में निभाना चुनौतीपूर्ण होता है और सुरक्षा संकट तथा युद्ध के काल में और भी कठिन होता है. सीडीएस को डीएमए के सेक्रेटरी की जिम्मेदारी से मुक्त करने के पक्ष में जोरदार तर्क दिए जाते हैं. यह जिम्मेदारी केंद्र सरकार उठा सकती है. इसके साथ बहुप्रतीक्षित थिएटर कमांड की स्थापना की जा सकती है. उम्मीद है कि एनडीए सरकार इसकी स्थापना को प्राथमिकता देगी। युद्ध काल में सलाहकार वाली भूमिका और थिएटर कमांडरों की ऑपरेशन संबंधी भूमिका के महत्व पर विचार करने पर आदर्श स्थिति तो यही लगती है कि सीडीएस की केवल दो जिम्मेदारियां होनी चाहिए – रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार की और एनसीए के सैन्य सलाहकार की. उन पर ऑपरेशन से संबंधित किसी भूमिका का बोझ न डाला जाए. इसका अर्थ यह भी हुआ कि एक अलग (पीसीसीओएससी) की नियुक्ति की जानी चाहिए. सीडीएस को जब ज़रूरी हो तब 'सीओएससी' या थिएटर कमांड के गठन के बाद ऐसे ही किसी संगठन की बैठक में आमंत्रित किया जाए। नागरिक सत्ता और सेना के संबंधों का एक सबसे महत्वपूर्ण तत्व है वैश्विक तथा क्षेत्रीय भू-राजनीतिक माहौल के बारे में साझा आकलन. इस साझा समझदारी से राष्ट्रीय सुरक्षा को पहुंचने वाले खतरों के स्वरूप तथा संभावना का पता चलेगा और उन अवसरों के बारे में भी पता चलेगा कि जिनका लाभ उठाया जा सकता है. इसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) की ज़रूरत होगी, जो थिएटर कमांड की तरह अपूर्ण आकांक्षा बनी हुई है. 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की अध्यक्षता में एक शीर्ष स्तरीय 'डिफेंस प्लानिंग कमिटी' (डीपीसी) का गठन एनएसएस और नेशनल डिफेंस स्ट्रेटजी बनाने के लिए किया गया. डीपीसी को रक्षा मंत्रालय में 'इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ' (आईडीएस) के मुख्यालय में स्थापित किया गया, लेकिन इसके बाद उसमें क्या प्रगति हुई इसकी कोई जानकारी नहीं है।नई सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के एक हिस्से नेशनल सिक्यूरिटी एड्वाइज़री बोर्ड (एनएसएबी) को एनएसएस तैयार करने का काम सौंपे और वार्षिक समीक्षा को संस्थागत रूप दे. माना जाता है कि एनएसए के अधीन काम करने वाले एनएसएबी में बहुपक्षीय प्रतिनिधित्व है. इसमें सरकार के बाहर के लोग हैं, मुख्यतः सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी और निजी क्षेत्र तथा शैक्षिक क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं. एनएसएस के निर्माण के लिए एनएसएबी उपयुक्त मंच है क्योंकि यह नीति निर्माण की सर्वोच्च स्थिति में है. यह जरूरी विशेषज्ञता हासिल कर सकता है और खुफिया जानकारियां तथा सूचनाएं हासिल कर सकता है. के. सुब्रह्मण्यम के नेतृत्व वाले प्रथम एनएसएबी ने भारत का परमाणु सिद्धांत बनाया था. यह सिद्धांत आज तक अपने मूल रूप में कायम है, यह एनएसएबी की क्षमता का प्रमाण है. राजकाज के विभिन्न साधनों – सेना, अर्थव्यवस्था, कूटनीति, टेक्नोलॉजी, खुफिया जानकारी तथा सूचानाएं आदि – के विकास की दीर्घकालिक योजना 'एनएसएस' के मार्गदर्शन पर निर्भर होती है. दूसरी ओर, भंडार में उपलब्ध तात्कालिक संसाधनों का उपयोग करने वालों के लिए 'एनएसएस' की कमी की भरपाई व्यापक नीतियों और प्रभावी साधनों से की जा सकती है, लेकिन यह तर्क दीर्घकालिक योजना के लिए कारगर नहीं हो सकता कि भारत 'एनएसएस' के बिना भी अच्छी तरह काम चला रहा है. राजकाज के साधनों के विकास के लिए सीमित संसाधनों का आवंटन ज़रूरी है ताकि यह उपयोग करने वालों के लिए उपलब्ध हो.

उच्च स्तरीय सैन्य नेतृत्व का चयन राजनीतिक नेतृत्व का विशेषाधिकार है, लेकिन यह चयन मुख्यतः पेशेगत क्षमता पर आधारित होना चाहिए. सैन्य विशेषज्ञता रखने वालों की ओर से साफ सलाह आनी चाहिए और उन्हें नेताओं का जी-हुजूर नहीं होना चाहिए. इसके लिए ज़रूरी है कि सैन्य नेतृत्व निजी हितों की जगह राष्ट्रीय हितों के बारे में पेशेगत धारणा को तरजीह दे. राजनीतिक नेतृत्व इस तथ्य के प्रति संवेदनशील रहे कि सैन्य नेतृत्व के चयन में वरिष्ठता को लांघने का मामला अपवाद ही हो. नियमों का उल्लंघन करने का जो माहौल है उसे खत्म किया जाए. पिछले दिनों सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डेय का कार्यकाल अचानक एक महीने के लिए जिस तरह बढ़ाया और उसके बाद अटकलें तेज़ हुईं उसने ऐसा माहौल बनाया जिसे ठीक करना जरूरी है. राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति व उसके आनुषंगिक राष्ट्रीय प्रतिरक्षा रणनीति पर आधारित राजनीतिक मार्गदर्शन की लंबे समय से प्रतीक्षा है. ऐसी कमजोरियां अक्सर अनावश्यक समस्याएं पैदा करती हैं, जैसे सेना के उच्च पदों के लिए चयन में राजनीतिक दबदबा; सीडीएस पर कई जिम्मेदारियों का बोझ, जो सलाहकार के रूप में उनकी भूमिका को प्रभावित कर सकता है; और थिएटर कमांड के गठन में देरी. इन कारकों का सेना की तैयारियों और उसके प्रभाव पर जो नकारात्मक असर पड़ेगा उस पर विचार करते हुए नयी सरकार को तेज़ी से कदम उठाना चाहिए ताकि वैश्विक तथा क्षेत्रीय भू-राजनीतिक तनावों के गहराते सायों के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।

**द प्रिंट-लेवखक सेवानिवृत सैन्य अफसर हैं, यह उनके विचार हैं। साभार**

अनासक्ति का मतलब भागीदारी का न होना नहीं है। आप बहुत गहराई में जुड़ सकते हैं, पर उलझते नहीं हैं।

## निशाना

### धर लो ज़रा मौन !



बोल न सकते अच्छा तो ।
धर लो ज़रा मौन ।।
जान गए हैं सारे ।
आखिर आप कौन ।।
बोल बोल कर ज़्यादा ।
रही है पोल खुल ।।
जब मिला था मौक़ा ।
ना खिलाए गुल ।।
आप की हर बात पर ।
जाती हंसी छूट ।।
दुकान ये मोहब्बत की ।
लेती महफ़िल लूट ।।
हुई लाख कोशिश ।
हुआ नहीं सुधार ।।
बख़्श दो अब आप ।
लेने दो आकार ।।

**- कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1936 हेनरिक हिमलर को जर्मन पुलिस का प्रमुख नियुक्त किया गया।
- 1940 एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया के तीन बाल्टिक राज्य सोवियत संघ के कब्जे में आ गए। बाल्टिक राज्यों का सोवियत आधिपत्य 1939 में सोवियत-बाल्टिक पारस्परिक सहायता समझौते से 1941 के बड़े पैमाने पर निर्वासन तक 1940 में उनके आक्रमण और आक्रमण की अवधि को कवर करता है।
- 1940 द्वितीय विश्व युद्ध-ब्रिटेन की सबसे बड़ी समुद्री आपदा कम से कम 3 में हुई, फ्रांस के सेंट-नाज़ायर के पास लूफ़्टवाफ़े द्वारा सैन्य टुकड़ी आरएमएस लंकास्त्रिया के डूबने से कम से कम 3 हजार लोग मारे गए।
- 1944 आइसलैंड ने डेनमार्क से स्वतंत्रता की घोषणा की और एक गणतंत्र बन गया। राजशाही को समाप्त करने से आइसलैंड के संविधान में थोड़ा बदलाव आया। आइसलैंड के लोगों ने कुल स्वतंत्रता के लिए लंबे संघर्ष के अंत का जश्न मनाया और अपने शुरुआती स्वतंत्रता आंदोलन और आइसलैंड के पहले राष्ट्रपति बने श्वेना ब्योर्नसन के लिए की प्रशंसा की।
- 1950 मिस्त्र, लेबनान, सीरिया और सऊदी अरब ने सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1963 दक्षिण वियतनाम में लगभग 2,000 लोगों ने पहले दिन से चल रहे बौद्ध संकट को हल करने के लिए संयुक्त कम्युनिटी को जिम्मेदार ठहराने के बावजूद दंगों का सामना किया।
- 1967 चीन, हाइड्रोजन बम से संपन्न दुनिया का चौथा देश बना।
- 1967 पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने अपने पहले थर्मोन्यूक्लियर हथियार के सफल परीक्षण की घोषणा की। एक थर्मोन्यूक्लियर हथियार एक परमाणु हथियार है जो प्राथमिक परमाणु विखंडन प्रतिक्रिया से ऊर्जा का उपयोग करता है और एक माध्यमिक परमाणु संलयन प्रतिक्रिया को प्रज्वलित करता है। विखंडन हथियारों की तुलना में परिणाम विस्फोटक शक्ति बहुत बढ़ जाती है।
- 1970 शिकागो में पहली बार किडनी प्रत्यारोपण का ऑपरेशन हुआ।



# शासकीय भूमि से शिक्षक का हटाया गया अतिक्रमण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकर्ता द्वारा किए गए अतिक्रमाण को हटाया गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा तहसील सिवनी मालवा के ग्राम हिरन खेडा रा.नि.मे. सतवासा की शासकीय भूमि ख.न. 276 रकवा 0.352 हैक्टेयर पर ( छोटा घास मद ) अतिक्रमणकर्ता संदीप पिता महेश द्वारा ट्रेक्टर से बखर कर अतिक्रमण किया जा रहा था। जिसे प्रशासन द्वारा मौके पर उपस्थित होकर अतिक्रमण को रोककर अतिक्रमणकर्ता को समझाईश देकर अतिक्रमण हटाया गया। मौके पर नायब तहसीलदार, पटवाटी, ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। उल?लेखनीय है कि हिरनखेडा के सरपंच एवं ग्रामवासियों ने कलेक?टर को शिकायत की थी कि गांव के पशु एवम शमशान की शासकीय भूमि जिसे सौंधनी कहा जाता है। वहां पर अति?क्रमण किया जा रहा है। शिक्षक महेश हरियाले ने जमीन पर अतिक्रमण किया है, गांव वालों के विरोध करने पर एससी एक?ट फसाने की धमकी देता था। उल्लेखनीय की की तहसील के अंतर्गत आनेवाले दर्जनों ग्रामपंचायतो मे चरनोई की भूमि और शासकीय भूमि पर दबंगो का कब्जा है दबंग अपनी शासकीय भूमि पर किसी करते हुए बड़ी ही शान से शासन प्रशासन को मुंह चलाते हुए नजर आ रहे हैं

# जिले के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में अपग्रेड होगा नर्मदा कॉलेज

## प्रवेश, पाठ्यक्रम के साथ तैयारियां जोरों पर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज की स्थापना की जा रही है। जिसमें विद्यार्थियों को अनेक व्यावसायिक पाठ्यक्रम और रोजगार परक शिक्षा से जोड़ा जाएगा। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एग्रीकल्चर कोर्सेस भी शुरू किए जाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 1 जुलाई से प्रदेश के 55 कॉलेजों को एक साथ प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में शुरू करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि नागरिकों और विद्यार्थियों को इसमें प्रवेश के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने बताया कि अकादमी सत्र 2024 -25 जुलाई में शुरू हो रहा है जिसमें नर्मदा कॉलेज में नवीन पाठ्यक्रम बीकॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, संस्कृत और दर्शनशास्त्र में एम ए तथा एम एस सी बायोटेक्नोलॉजी प्रारंभ किया जा रहा है। आने वाले सत्रों में और भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम सम्मिलित किए जायेंगे।मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 1 जुलाई से कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी जिसमें लोकल के विद्यार्थियों को आवागमन की सुविधा अल्प खर्च में ही प्राप्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री स्वयं कॉलेज और बस सेवा का प्रारंभ वर्चुअली करेंगे। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी,शहर के नागरिक और विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्य के साथ,विज्ञान की विभिन्न प्रयोगशालाओं और कंप्यूटर लैब को सुव्यवस्थित करने , कालेज में रंग रोगन, साफ सफाई, वृक्षारोपण आदि का किया जा रहा है। प्राध्यापक और विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है।



## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिलों के विकास कार्यों की ली जानकारी

# हर जिले में विकास का रोडमैप बनाया जाए: सीएम डॉ. यादव

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रवार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए। आगामी चार-पांच वर्षों के लिए यह रोड मैप तैयार किया जाए। विकास कार्यों को प्राथमिकता निर्धारित कर पूरा करने की योजना भी बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के विकास कार्यों की जानकारी ले रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिलों से मंत्रीमण्डल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी वर्चुअली जुड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक लगभग चार करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपलब्धि के लिये जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बधाई दी। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना का हितग्राहियों को वृहद स्तर पर लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद योजना की मार्केटिंग हो। रोजगारपरक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की बेहतर भूमिका रहे। जल-गंगा संवर्धन अभियान और पौधरोपण अभियान बड़े पैमाने पर चलता रहे। पौधरोपण अभियान के तहत अच्छे छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित विभिन्न जिलों में वृहद स्तर पर पौधे लगाने का कार्य अच्छा हुआ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि स्कूल चलें अभियान, कॉलेज चलें अभियान के अंतर्गत कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे। आंगनवाड़ियों का संचालन बेहतर हो। आंगनवाड़ियों में केजी-1 और केजी-2 की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए प्रशिक्षण जल्द शुरू होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रावास और आश्रमों का भी भ्रमण कर जनप्रतिनिधि व्यवस्थाएं सुधारने में सहयोग करें। सभी स्थानीय निकायों के कार्यालय नियमित रूप से खुलें। जन प्रतिनिधियों का जिला प्रशासन से अच्छा समन्वय हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें। गौ-वंश अधिनियम के अंतर्गत गौ-वंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। राज्य सरकार ने गौ-शालाओं को दी जाने वाली राशि दोगुनी कर दी है। प्रदेश में एक हजार गौ-शालाओं का संचालन किया जाना है। कोई भी गौ-माता बाहर सड़कों पर न घूमें, इसके लिए सब मिलकर प्रयास करें।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाढ़ से बचाव संबंधी सभी उपाय पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में श्री अन्न (कोदो-कुटकी) को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी-जनप्रतिनिधि सरकार के अंग हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में बेहतर समन्वय रहे। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के समुचित उपाय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदर्श विधान सभाएं बनाने के लिए जरूरी विकास कार्य और उपाय सुनिश्चित किए जाएं। जिला स्तर पर बैठक कर विकास कार्यों का रोड मैप तैयार करें। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों पर कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी बनी रहे। सांसद और विधायक आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए ऐसी व्यवस्था बनाएं कि वे अपने कार्यालय से ही व्यक्तिगत रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सकें।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो।**

भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71 वी पुण्यतिथि बलिदान दिवस भाजपा द्वारा संपूर्ण भारत में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उसी क्रम में वार्ड क्रमांक 09 के बूथ 86, 87 पर पार्षद ईश्वरदास जमींदार के निवास पर मनाया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा भाजपा के पित्र पुरुष के जीवन परिचय पर उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि उनके इस बलिदान और त्याग को हमें आने वाले समय में भारत को विश्व गुरु बनाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। कार्यक्रम का आभार पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत पूर्व जनपद अध्यक्ष शिवनारायण जमीदार वरिष्ठ नेता नंदकिशोर व्यास न.पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र गौर पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा झुग्गी झोंपड़ी प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक विनोद मालवीय अनिल लोवंशी प्रदीप काका पीयूष दुवे कमलेश लोवंशी छोटू धपाड़िया आदित्य सोनी तुषार लोवंशी बूथ अध्यक्ष सतीश सराठे दीपक कुशवाहा राधेस्याम वर्मा राजू रघुवंशी कपिल जमींदार नितिन लौवंशी डब्बू वर्मा रणवीर सिंह सहित अन्य साथीगण उपस्थित थे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**नर्मदापुरम।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नपाध्यक्ष नीतू यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा , लोकेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**जैन समाज के घेतल परिवार ने की**

# गौ सेवा की शुरुआत, शादी से पहले गायों को कराया भोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गौ माता की सेवा का संकल्प लेकर शादी के कार्ड छपवाने वाले आयुष्य जैन अपनी शादी के रिसेप्शन से पहले संत सुधाकर सागर में सभी मेहमानों की मौजूदगी में सबसे पहले गायों को भोजन करवाया उसके बाद मेहमानों को भजन कराया गया इस परंपरा से लोगों में गायों की सेवा करने के प्रति जागरुकता आएगी उसी उद्देश्य को लेकर घेतल परिवार के आयुष जैन के द्वारा इस कदम को उठाया गया जिसकी सभी के द्वारा तारीफ की जा रही इस समय गायों की सबसे ज्यादा दुर्दशा हो रही है ।उनकी सेवा करने की भावना कम लोगों में ही देखने को मिलती है पर इस तरह के प्रयास होंगे तो लोगों में गौ सेवा की प्रेरणा भी आएगी।

**मेट्रो एंकर**

## प्रथम दिन 1,12,745 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

# जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पिलाई बच्चों को पोलियो की दवा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन जिले में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1,12,745 बच्चो को पोलियो की दवा गई। जिसमें शहरी क्षेत्र नर्मदापुरम में 13439, इटारसी में 12864, पचमढ़ी में 893, बनखेड़ी में 13078, पिपरिया में 12846, सोहागपुर में 14722, माखननगर में 12753, सुखतवा में 8493, डोलरिया में 8104 और सिवनी मालवा में 15553 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।पोलियो दल द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं, आंगनवाड़ी केन्द्रो, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पंचायत भवन, स्कूल भवन में तथा ईंट भट्टा, वेयरहाउस, दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टीम द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर बांए हाथ की उंगली पर मार्कर पेन से निशान लगाए एवं टेली शीट पर अंकित किया।

जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर ने बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, डीआईओ डॉ आर के वर्मा, सिविल सर्जन डॉ आर प्रजापति, डॉ संजय पुरोहित उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 23 जून 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में विधायक पिपरिया श्री ठाकुरदास नागवंशी द्वारा बच्चों को पोलियो की दो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, उपाध्यक्ष संतोष परते, ममता नागवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी भगवान दास अग्रवाल सचिन गोदानी, जनपद पंचायत स्वासथ सभापति श्रीमती कमला रघुवंशी अन्य



सभी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संस्था से बीएमओ, बी ई ई, कोल्डचैन मदन सराठे, बारेबीर, मेट्रन ममता नागले सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर में सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो आयोजन का शुभारंभ किया गया। सोहागपुर में नगर पालिका अध्यक्ष सोहागपुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया।

राष्ट्रय पल्स पोलियो कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत इटारसी शहरी क्षेत्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा पोलियो दवा पिलाकर उद्घाटन किया गया एवं आई एम के अध्यक्ष डॉ आर दयाल, विधायक प्रतिनिधि भारत वर्मा, तहसीलदार श्रीमती सुनीता साहनी, समाजसेवी संजय मिहानी, डॉ विवेकचरण दुबे, रविंद्र गुप्ता, डॉ रवि टिकरिया द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आरके चौधरी ने बताया की चिकित्सालय में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जिसे देखकर बच्चे अति उत्साहित रहे। शहरी क्षेत्र इटारसी में 17782 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे 23,24 एवं 25 जून को अभियान के रूप में पूर्ण किया जाएगा।

लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा सीएचसी बनखेड़ी के ग्राम चांदोंन में बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जिसमे स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ, बीपीएम, एमटीएस, आयुष स्टाफ, आशा सुपरवाइजर एवम आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सीएचसी सुखतवा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सुखदेव इरपाचे एवं सीबीएमओ डॉ मीणा एवं समस्त स्टाफ द्वारा किया गया।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत पिलाई गई बच्चों को दो बूंद जिंदगी की



**सिवनी मालवा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत वार्ड पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने अपने वार्ड क्रमांक 09 में स्थित तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर बच्चों को दो बूंद पोलियों की दवा पिलाई साथ ही आंगनवाड़ी में चल रही अन्य गतिविधियों की जानकारी ली, पार्षद ने वार्ड के परिवारजन सहित क्षेत्र के सभी अभिभावकों से निवेदन किया है कि अपने-अपने परिवार के जो भी बच्चे 0 से 5 वर्ष की उम्र के हैं उन्हें 23 से 25 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र अस्पताल पहुंचकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं और देश के प्रधानमंत्री प्रदेश के मुख्यमंत्री की जो मनसा है कि हमारे देश में कोई भी पोलियो ग्रस्त बच्चा ना हो उसके लिए हम अपने बच्चों के जीवन में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाएं इस अवसर पर पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार, प्रदीप काका,अनिल लोवंशी,हेमंत सेन, आंगनबाड़ी से अर्चना गौर, ममता भदौरिया रेणु गौर, सरिता रघुवंशी, मिथलेश गौर सहित नन्हे मुन्ने बच्चे और परिवारजन उपस्थित थे।

बही सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र हिरनखेड़ा में पोलियो दिवस पर सरपंच सुश्री अमृता लिटोरिया द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई । उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को बताया कि पोलियो पर जीत के लिए पोलियो दवाई की दो बूंद बहुत जरूरी है। भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी है और फिर लौट सकता है। अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें।



# पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की दवा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पोलियो को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार के द्वारा पल्स पोलियों अभियान प्रारंभ किया गया है। रविवार को अभियान का शुभारंभ नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मानोज साइन नाथ, पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा, डॉ सुरेश अग्रवाल आदि की मौजूदगी में किया गया। अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रो पर तीन दिनों तक 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवाई। दो दिनों तक केंद्रों पर दवा पिलाई जाएगी वहीं अंतिम दिन घर-घर पहुंचकर भी दवा पिलाने का काम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के द्वारा किया जाएगा है यह अभियान स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में हो रहा है।



# लंबे इंतजार के बाद झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बारिश नहीं होने के कारण किसान खरीफ फसल की बोनी में भी पीछे हो रहे हैं। बादलों की लुका छुपी के कारण गर्मियों उमस से लोगों की हालत खराब हो रही है दिन भर बेचौनी होती रहती है। रविवार को भी सुबह से ही आसमान पर बादलों की लुका छुपी का दौर चल रहा था गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब हो रही थी देर शाम को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश का दौर प्रारंभ होते ही मौसम में ठंडा खुल गई लोगों गर्मी से निजात मिल गई नहीं तो दिनभर गर्मी से लोग हैरान परेशान हो रहे थे। पानी गिरने का दौर शुरू होते ही बड़ी संख्या में बच्चे बरसात का आनंद लेने के लिए नहाते हुए नजर आए लंबे समय से बारिश का इंतजार खत्म होते हुए दिखाई दे रहा है। आसपास की तहसीलों में बारिश होने के बाद बोनी हो रही है पर विकासखंड में पानी नहीं गिरने के कारण किसानों बोनी नहीं कर पा रहे हैं। अब ऐसा लग रहा है कि जल्दी ही बोनी होने लगेगी किसानों ने पहले ही खरीफ फसल की बोन की तैयारी कर रखी है।

### बरसात शुरू होते ही गुल हुई बिजली

वैसे ही बिजली की लुका छुपी के कारण लोगों की हालत खराब हो रही है। प्रतिदिन अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में बिजली गुल होने पर कई घंटे तक नहीं आती है। दूसरी ओर रविवार को हवाओं के साथ बारिश का दौर प्रारंभ हुआ तो बिजली गायब हो गई जिसके कारण लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है। अभी तो बारिश का दौर प्रारंभ हुआ है तब यह हालत है आने वाले समय में जब लगातार बारिश होगी तब क्या होगा रात्रि 8रू बजे तक बारिश हो रही थी बिजली भी नहीं आई थी।

# अब खाएं तो क्या खाएं, टमाटर हरा धनिया और प्याज हुए महंगे, दालों के भी दाम बढ़े

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

वित्तीय वर्ष 2024- 25 की पहली तिमाही के अंतिम माह यानी जून में लोगों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक तरफ सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, तो वहीं दालों की कीमत में 11 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही प्याज के दाम 67 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। टमाटर की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि मानसून के दौरान सब्जियों की आवक कम हो जाती है, जिससे इसकी कीमत बढ़ने लगती है। ऐसे में आशंका है कि पूरे मानसून महंगाई का संकट बना रह सकता है।

**आलू के दाम भी बढ़े** – आंकड़ों के अनुसार, आलू दाम में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 मई तक इसकी कीमत 29.82 रुपये प्रति किलो थी, तो वहीं अब 8 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ जून में इसके दाम 32.23 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं।

**प्याज ने भी रुलाया** – दिल्ली में प्याज की कीमत 67 प्रतिशत, जबकि अन्य राज्यों में इसके दाम 18 प्रतिशत तक बढ़े हैं। 31 मई तक प्याज 31 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा था, वहीं 19 को इसके दाम 50 रुपये प्रति किलो और देश में औसतन कीमत 37.83 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है।

**टमाटर भी महंगा** – अधिकतर सब्जियों में उपयोग होने वाला टमाटर भी महंगा हो गया है। 31 मई को टमाटर 34.15 रुपये किलो था, जो अब बढ़कर 44.9 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया। दिल्ली में टमाटर की कीमत 28 रुपये से बढ़कर 33 रुपये प्रति किलो हो गई है।

**ऐसे हैं दाल के दाम** – मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर ने हाल ही में दालों के दाम जारी किए हैं। जिसके अनुसार दाल की कीमत में बढ़ोतरी हुई हैं। चना 86.12 रुपये, 87.96 रुपये, तुअर (अरहर) रुपय, 161.27 रुपये, मूंग 118.3, 119.04 रुपये, उड़द 125.79 रुपये 126.69 रुपये मसूर 93.9 रुपये हुई।

### मुफ्त में मिट्टी और कोपरा निकालने की होड़, जलकुंभी और गाद जस की तस

# ओवरलोडिंग तेज गति से दौड़ते वाहन, सड़कों पर होगी कीचड़ जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान!



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

इन दिनों जल संवर्धन अभियान के तहत तालाब का गहरीकरण जन सहयोग से हो रहा है,। वहीं अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों की तो इससे लॉटरी खुल गई है ऐसा लग रहा है सुबह से लेकर देर रात तक तेज गति से इनके वाहन दौड़ते रहते हैं। अधिक फायदा लेने के चक्कर में कई वाहन चालकों के द्वारा तेज गति से वाहनों को दौड़ने का काम किया जा रहा है, इसके चलते सड़क पर भी मिट्टी गिर रही हैं। ऐसा होने के कारण सड़क पर धूल मिट्टी होने से आम जनता परेशान हो रही है इनको रोकने रोकने का काम भी जिम्मेदारों के द्वारा नहीं किया जा रहा है। समय रहते इनकी गति और ओवरलोडिंग पर रोक नहीं लगाया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है वैसे यहां की तासीर प्रशासन के मन में है जब तक कोई घटना नहीं होती है तब तक जिम्मेदार ध्यान भी नहीं देते हैं अधिकारियों जनप्रतिनिधियों भी सब तमाशा देखते रहते हैं। तालाब गहरीकरण होने से इस बार सबसे ज्यादा फायदा शहर के आसपास अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों के द्वारा उठाए जा इनके द्वारा तालाब में से निकल रही मिट्टी को अपनी कॉलोनी में डलवाने का काम की जा रहा है। इसके तालाब में दो बड़ी मशीनों के साथ छोटी-छोटी जेसीबी चल रही है जिनकी सहायता से डंफर और ट्रैक्टर ट्रालियों को भरने का काम किया जा रहा है।



प्रतिदिन बड़ी मात्रा में डंफर और ट्रैक्टर ट्राली यहां पर सर पट दौड़ रहे हैं मिट्टी ले जाते समय सावधानी भी नहीं बरतती जा रही है कई वाहनों को नाबालिक भी चलाते हुए नजर आ रहे हैं। ओवरलोडिंग के रूप में इनके भर दिया जाता है गति अधिक होने के कारण इनमें से मिट्टी सड़क पर गिर रही है बारिश होने पर यह मिट्टी कीचड़ के रूप में तब्दील हो जाएगी इसकी वजह से नगर वासियों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा दो पहिया वाहन कीचड़ के कारण दुर्घटना का शिकार भी होंगे वहीं धूल के कारण वैसे ही लोग परेशान हो रहे हैं दूसरी और इन बहनों की गति अधिक होने के कारण इनमें से गिर रही मिट्टी से भी धूल हो रही है वाहनों के आने-जाने के दौरान धूल का गुब्बार सड़कों पर दिखाई देता है। इनकी मनमर्जी पर लगाम लगाने के लिए नगर पालिका प्रशासन तथा यातायात विभाग के जिम्मेदार ध्यान देते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं कि ओवरलोडिंग करके इन वाहनों को तेज गति से दौड़ने का तालाब सुबह से लेकर देर रात तक हो जाता है बस स्टैंड से लेकर तहसील और थाने के सामने से भी वाहन आ जा रहे हैं। तालाब का सही तरीके से गहरी कारण होने पर इसका फायदा भी मिलेगा पर गहरीकरण के नाम पर आम जनता को परेशान करना भी कहीं से कहीं तक उचित नहीं है इस तरफ भी जिम्मेदारों को ध्यान देना होगा जन सहयोग से होने वाला काम उसी भावना से होना चाहिए अभी तक इस भावना से काम नहीं हो रहा है। यहां से सिर्फ अबैध रूप कॉलोनी वाले जरूर ज्यादा फायदा हो रहा है। यदि इनके अंदर अच्छी भावना हो तो यह जिन वाहनों से तालाब में से मिट्टी आदि लेकर अपनी कॉलोनीयों तक जा रहे हैं तो ऐसे वाहन चालकों को हिदायत भी दे सकते हैं कि वाहनों को अधिक ना भरे और तेज गति से ना चलाएं।

### कॉलोनी काटने वालों की हुई चांदी

शहर में चारों तरफ 70 से अधिक अवैध कॉलोनी आकर ले रही है इनमें से अधिकांश कॉलोनियों बगैर अनुमति की काटी जा रही है इनके के द्वारा आम जनता को मूर्ख बनाने के लिए सड़क आदि बनाने के लिए मटेरियल की आवश्यकता होती है उसके लिए इन्हें अधिक राशि चुकानी पड़ती है पर तालाब गहरीकरण से निकल रही मिट्टी कम खर्चे में इनको मिल रही है इसीलिए सबसे ज्यादा उपयोग इसका इनके द्वारा किया जा रहा है गहरीकरण से मिट्टी निकालने का फायदा इनको ज्यादा हो रहा है या फिर काहे की इस समय इनकी चांदी हो रही है।30 जून तक तालाब गहरीकरण का कार्य चलेगा और मिट्टी ले जाने पर किसी भी तरह की कोई रॉयल्टी नहीं देनी पड़ रही है इस वजह से सुबह 7 से लेकर देर रात तक छोटे-बड़े वाहन तालाब में से चारों तरफ दौड़ते रहते हैं।

### जलकुंभी और गाद जस की तस

तालाब परिसर में आठ मशीनें दिन रात मिट्टी और कोपरे का उत्खनन कर रही हैं। हम जलकुंभी और गाद भी निकलवाएंगे मुफ्त में मिल रही मिट्टी और कोपरा को तो मशीन संचालक पूरी तत्परता के साथ निकाल रहे हैं, जबकि तालाब में फैली जलकुंभी और गाद जस की तस बनी हुई है। इस बीच सिर्फ 1 दिन कुछ देर के लिए जलकुंभी की सफाई की गई थी। इसके बाद जलकुंभी और गाद की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा।

### रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगेंगी तो हो सकती है घटना

तालाब में से मिट्टी ले जाने वाले वाहन चालकों की रफ्तार अधिक होने से घटना दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। नवीन बस स्टैंड पर स्कूल हैं जो खुल भी गए हैं इसके अलावा बैंक है तथा तहसील कार्यालय में आने जाने के साथ बस स्टैंड है यातायात का दबाव रहता है फिर भी यहां पर तेज गति से दौड़ रहे है वाहनों पर ब्रेक लगाने का काम यातायात बिभाग नहीं कर रहा है। शायद किसी तरह की घटना दुर्घटना होने के बाद जिम्मेदार गहरी नींद में से जागेंगे।

### इनका कहना है -

*मिट्टी निकालने का काम तेजी से चल रहा है। हम गाद और जलकुंभी भी हटवाएंगे।*

**पवन शर्मा,** *सीएमओ सिरोंज।*

*प्रशासन को ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई करनी चाहिए जो तेज गति से वाहनों को चलाएं ओवरलोडिंग करें सड़क पर मिट्टी गिर रहे इससे सबको परेशानी होगी।*

**मोहित सिंगल,** *व्यापारी सिरोंज*

*हम इनको रोकने टोकने का काम भी कर रहे हैं। इसके बाद भी यदि वाहन तेज गति और ओवरलोडिंग कर रहे हैं तो हम जांच करके कार्रवाई करेंगे।*

**रितेश वाघेला,** *यातायात विभाग सिरोंज*

**मेट्रो एंकर**

### नगर पालिका के इंजीनियर से बढ़कर हो गए ठेकेदार

# चूरी और डस्ट से नाले का निर्माण, लाखों की लागत से बन रहा नाला भी क्या चढ़ेगा भ्रष्टाचार की भेंट?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लिंक रोड पर बन रहा नाले निर्माण में चूरी और डस्ट सें उपयोग जमकर किया जा रहा है जिसकी षिकायत कई बार नागरिको द्धारा नपा में की गई जिसपर नपा के इंजीनियर ने ठेकेदार को चूरी और डस्ट से काम करने को मना कर दिया था जिसपर इंजीनियर की बात को नजरअंदाज करते हुए ठेकेदार अपनी मनमर्जी से नाले का निर्माण कार्य कर रहा है। आपको बता दे कि ठेकेदार क्या नगर पालिका इंजीनियर से बडकर हो गया है और अपनी मनमर्जी से नाले का निर्माण करेगा।



गौरतलब हो कि काफी वर्षो बाद नगर के लिंक रोड के सीसी रोड का निर्माण किया गया था लेकिन व्यापारियों का विरोध था कि सडक के निर्माण के बाद रोड उंचा हो जाएगा और द्यरो और दुकानो में पानी भरेगा जिसका विरोध काफी दिनों तक देखने को मिला जिसपर नपा ने व्यपारियों को आष्वासन दिया था कि रोड किनारे नाले का निर्माण कराया जाएगा जिससे किसी को बारिष के दिनों मे परेषानी नही होगी। वही नाले का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है प्रारंभ होने के बाद कुछ दिन तक तों ठकेदार द्धारा अच्छी क्वालिटी का मटेरियल का स्तेमाल किया गया लेकिन कुछ दिन बीत जाने के बाद ठेकेदार ने अपनी मनमर्जी चालू कर दी और निर्माण कार्य मे चूरी और डस्ट का प्रयोग नाले निर्माण मे करने लगे वही सफेद कलर की मायसेम कंपनी लिखी हुई सीमेंट का उपयोग नाले निर्माण में किया जा रहा है। गौरतलब हो कि ठेकेदारो की मनमर्जी नगर के कई निर्माण कार्ये में देखने को मिली है लेकिन इंजीनियर और नगर पालिका के सीएमओं हमेषा नोटिस देकर इतिश्री कर लेते है लेकिन कभी ठेकेदारो पर कार्यावाही देखने को नही मिली है। जिसके बाद कई रोड गड्डो मे तब्दील हो जाते है और सरकार का पैसा व्यर्थ चला जाता है। वही अब देखना होगा कि नाले निर्माण में इंजीनियर ठेकेदार को नोटिस देगे क्या उनकर भी कार्यावाही होगी या जांच ठंडे बस्ते मे चली जाएगी।

### इंजीनियर से मांगी टीएस की कापी तों किया इंकार

जब नगर पालिका के इंजीनियर अखिलेख मार्को से निर्माणाधीन नाले की टीएस की कॉपी मांगी गई तों उन्होने साफ इंकार कर दिया और यह कह दिया कि आप सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांग कर ले लो। देखा जाए कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी की समय अवधि एक माह रहती है जब तक नाले का कार्य ही पूर्ण हो जाएगा और नपा जब टीएस की कापी देगी जब तब सब गोलमाल हो जाएगा।

### क्या मीडिया को भी लेनी पडेगी सूचना के अधिकार के तहत टीएस की कापी

वही देखा जाए कि समाचार के प्रकाशन के लिए कोई भी निर्माण कार्य चलता है तों उसमे क्या क्या मटेरियल का स्तेमाल नपा द्धारा ठेकेदार से कराया जा रहा है इसकी जानकारी के लिए मीडियाकर्मी नपा इंजीनियर से कार्यो की टीएस की कापी की जानकारी मांगते है तों इंजीनियर सूचना के अधिकार के तहत मागने की बात करते है। जिससे नपा और ठकेदार की मिलीभगत देखने को मिल रही है।

### इनका कहना है -

*जो नाले का निर्माण कार्य चल रहा है उसमे चूरी से कार्य किया जा रहा है हमारे द्धारा ठेकेदार से चूरी मे निर्माण करने को मना कर दिया है मगर वों नही मान रहा है हमारे द्धारा नोटिस देकर जवाब मांगेगे।*

**अखिलेख मार्को,** *नपा इंजीनियर सिरोंज।*

# बलिदान दिवस के रूप में मतदान केंद्रों पर मनी डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि

**सिरोंज।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुंज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक मतदान क्रेंद्र पर डॉ मुखर्जी की जयंती मनाने के लिए तैयारियां की थी। भाजपा संगठन ने भी प्रत्येक मतदान केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने एवं संगठन की रीति नीतियों से अवगत कराने के लिए वक्ताओं की ड्यूटी लगाई थी। जिसमें सबेरे से ही वार्डो के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित होना प्रारंभ हो गए थे। इस अवसर पर विधानसभा के संयोजक कैलाश शर्मा एवं विधानसभा समन्वयक हरिबाबू भार्गव वार्ड क्रमांक 02 के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 195, 196, 199 के कार्यक्रम में शामिल हुए। यह वक्ताओं ने डॉ मुखर्जी के कश्मीर आंदोलन को लेकर किए गए संघर्ष और बलिदान पर विचार व्यक्त किए गए। उन्होंने एक देश मे दो विधान दो प्रधान दो निशान नही चलेंगे का नारा देते हुए कश्मीर तक पड़ यात्रा की थी और बिना परमिट के वहां की सरकार को चुनौती देकर कश्मीर में प्रवेश किया था। ओर गिरफ्तार हुए थे। देश मे भाजपा की सरकार बनने पर मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने पर सरकार ने देश को एक सूत्र में बांधते हुए कश्मीर से धारा 370 को हटाने का काम किया है। इसके पूर्व अतिथियों ने डॉ मुखर्जी के चित्र के समझ दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक ने बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में बूथ समिति की और से हाल ही के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए राकेश पालीवाल,नरेंद्र पाटीदार,उमेश पटेल,राजेश बधेल का केसरिया तौलिया उड़ाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया।





### यूरो कप फुटबॉलः प्रतिस्पर्धी मैचों में ऑस्ट्रिया ने पहली बार पोलैंड को हराया

# ऑस्ट्रियाई टीम ने 3-1 से जीता मैच

**बर्लिन, एजेंसी**

ऑस्ट्रिया ने यूरो कप 2024 फुटबॉल में बड़ा उलटफेर करते हुए पोलैंड की टीम को ग्रुप-डी मैच में 3-1 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रिया की दो मैचों में पहली जीत है जबकि उसने एक ड्रॉ खेला। वहीं, पोलैंड को लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी। खास यह है कि ऑस्ट्रिया की किसी प्रतिस्पर्धी मैच में पोलैंड के खिलाफ यह अभी तक की पहली जीत है। इससे पहले, ऑस्ट्रिया ने पोलैंड के साथ छह मैच खेले थे और इसमें उसे चार में हार मिली जबकि दो ड्रॉ खेले थे।

**ट्रॉनर ने दिलाई बढ़त-** ऑस्ट्रिया की टीम ने जबरदस्त शुरुआत की और गेरनॉट ट्रॉनर ने नौवें मिनट में गोल करके बढ़त दिला दी। मैच के 66वें मिनट में क्रिस्टोफ और 78वें मिनट पर मार्को अरर्नोटोविच ने गोल किया। वहीं, पोलैंड के लिए एक गोल 30वें मिनट में क्रेजेस्टोफ पिटेक ने किया।

### जबलपुर लॉयन एमपीएल की पहली चैंपियन

# मप्र टी-20 लीगः भोपाल लेपर्ड 216 रनों पर ढेर

**ग्वालियर. एजेंसी**



जबलपुर लॉयन मध्यप्रदेश टी-20 लीग (एमपीएल) की पहली चैंपियन बन गई। माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल में जबलपुर लॉयन ने भोपाल लेपर्ड को 33 रन से हरा दिया। जबलपुर लॉयन की जीत के हीरो अभिषेक पाठक रहे। उन्होंने 142 रन की बेहतरीन शतकीय पारी और 2 अहम विकेट लिए। जबलपुर लॉयन ने 249 रनों का पीछा करते हुए भोपाल लेपर्ड 18.4 ओवर में 216 रनों पर ही ढेर हो गई। जबलपुर ऐसी टीम रही जो एमपीएल में एक भी मैच नहीं हारी। प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक पाठक को दिया गया।

### वेस्टइंडीज की टीम टी-20 विश्व कप से हुई बाहर

# साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का 50वां मैच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया और इसी के साथ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल का टिकट भी कटाया। मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 135 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से काइल मेयर्स ने 35 रन बनाए। वहीं, रोस्टन चेजने 42 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। वहीं, मैच में बारिश होने के चलते डकवर्थ लुईस नियम के तहत 3 ओवर की कटौती हुई और दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 5 गेंद शेष रहते हुए ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 के मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम के तहत तीन विकेट से मात दी। इस मैच में जीत के साथ साउथ अफ्रीका की टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में एंट्री की जबकि मेजबान वेस्टइंडीज का टूर्नामेंट में सफर खत्म हुआ। मैच में पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज ने 135 रन का स्कोर खड़ा किया था। दरअसल, वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 135 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज के बल्ले से निकले, जिन्होंने 42 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 123 का रहा। उनके अलावा काइल मेयर्स ने 35 रन की पारी खेली। वहीं, साउथ अफ्रीका की तरफ से तबरेज शम्सी ने कमाल की गेंदबाजी की और कुल 4 ओवर के कोटे में 3 विकेट चटकाए। उन्हें मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।



### बारिश के कारण रूका मैच, 3 ओवर्स की कटौती

एंटीगुआ में साउथ अफ्रीका की पारी शुरू होने के बाद बारिश ने दस्तक दी और मैच थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। इसके बाद डकवर्थ लुईस नियम के तहत मैच में 3 ओवर्स की कटौती हुई और साउथ अफ्रीका के सामने 17 ओवर के लिए 123 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया। टीम की तरफ से ट्रिस्टन स्टब्स ने 29 रन और हेनरिक क्लासन ने 22 रन की पारी खेली। मार्को जानसेन ने नाबाद 21 रन बनाए और अंत में सिक्स जड़कर मैच को फिनिश किया। साउथ अफ्रीका की टीम ने 2014 के बाद पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं, मेजबान वेस्टइंडीज का सफर खत्म हो गया। वेस्टइंडीज की टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब आज तक कभी नहीं जीता और एक बार फिर से टीम के हाथों निराशा लगी।

### टेनिसः बर्मिंघम क्लासिक-पुतिनत्सेवा और एजला के बीच चैंपियन बनने के लिए होगी भिड़ंत

# अनास्तासिया और एलिसबेता की चुनौती हुई खत्म

**बर्मिंघम, एजेंसी**

पोलैंड के पांचवीं वरीय खिलाड़ी हुबर्ट हर्काज ने खेले जा रहे वोर्टमैन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। हर्काज ने सेमीफाइनल में दूसरी वरीय जर्मनी के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। अब फाइनल में खिताब के लिए हर्काज की भिड़ंत इटली के टॉप सीड जेनिक सिनर से होगी, जिन्होंने चीन के झेंग झिझेन को 6-4, 7-6 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की गैरवरीय खिलाड़ी एजला टोमजानोविच ने बर्मिंघम क्लासिक के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सेमीफाइनल में रूस की सातवीं वरीय अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कजाक खिलाड़ी ने एक अन्य सेमीफाइनल में इटली की एलिसबेता कोकिआरेटो को 6-2, 6-2 से मात दी।



### सुपर आठ ग्रुप-2 : अमरीका को नौ विकेट से हराया

# चेस और शाई होप के दम पर विंडीज की बड़ी जीत

**अंताल्या. एजेंसी**

ब्रिजटाउन. मेजबान वेस्टइंडीज ने शनिवार को खेले गए आइसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अमरीका को 55 गेंद शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। ग्रुप-2 मैच में वेस्टइंडीज की दो मैचों में यह पहली जीत है। इस जीत से विंडीज टीम ने खुद को सेमीफाइनल की होड़ में भी कायम रखा है। पहले गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 19.5 ओवर में अमरीका को 128 रन पर समेट दिया। जवाब में वेस्टइंडीज ने 10.5 ओवर में सिर्फ एक विकेट पर 130 रन बनाकर आसानी से जीत हासिल कर ली। वेस्टइंडीज के लिए स्पिनर रोस्टन चेस ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए विंडीज के ओपनर शाई होप ने सिर्फ 39 गेंदों में 82 रन की नाबाद ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने 4 चौके व 8 छक्के लगाए।

### 26 जुलाई से शुरू होंगे पेरिस ओलंपिक गेम्स

# ओलंपिक के दौरान हीटवेव की चेतावनी एथलीटों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा असर

**नईदिल्ली. एजेंसी**

इस साल 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक गेम्स से पहले जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञों ने चेतावनी देते हुए भीषण गर्मी के संकेत दिए हैं। स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में विस्तार से बताते हुए, विशेषज्ञों ने अत्यधिक गर्मी, वायु प्रदूषण, भोजन और पानी की असुरक्षा और बढ़ते तापमान के बीच छाया की कमी के संबंध में एथलीटों के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करने के लिए 'रिंग्स ऑफ फायर' नामक रिपोर्ट जारी की। ओलंपिक के दौरान पेरिस में 34 डिग्री से ज्यादा का तापमान रहने की संभावना है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि हीटवेव से एथलीटों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। टोक्यो ओलंपिक 2020 को इतिहास के सबसे गर्म ओलंपिक के रूप में जाना जाता है, जहां तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। इस कारण कई एथलीटों को स्पर्धा के दौरान उल्टी हुई और कई बेहोश हो गए थे।



## मेट्रो बाजार

# सोना ने 20 प्रतिशत और चांदी ने 22 फीसदी एक साल में दिया रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी**

तेजी के घोड़े पर सवार होकर दौड़ रहे सोना-चांदी के भावों से आम आदमी को भले ही महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन निवेशक मालामाल हो रहे हैं। बीते एक साल में निवेशकों को कीमती धातुओं से 20 से 22 फीसदी का रिटर्न मिला है। इस साल बीते छह माह में सोना 9000 रुपए प्रति दस ग्राम एवं चांदी के भाव करीब 14000 रुपए प्रति किलो बढ़ गए हैं। यानी सोने से ज्यादा चांदी से रिटर्न मिल रहा है। राजधानी वासियों को भी सोना से ज्यादा चांदी लुभा रही है। वे इसमें खूब निवेश कर रहे हैं। सराफा एक्सपर्ट बताते हैं कि सोने के भावों को भी चांदी फॉलो करती है। यानी सोने के दाम बढ़ेगें तो चांदी भी महंगी होगी। ग्लोबल कंडीशन को देखते हुए भी देश-दुनिया के बड़े बैंक कीमती धातुओं का स्टॉक बनाते हैं।



हालांकि सोने के भाव बढने से अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है। चांदी का उपयोग आभूषणों में मात्र 30 फीसदी के आसपास होता है जबकि 70 फीसदी चांदी की मांग औद्योगिक इकाइयों में होती है। इलेक्ट्रिक व्हीकल (इवी) सहित इलेक्ट्रिक उत्पादों में चांदी की खपत ज्यादा है। मांग और आपूर्ति में अंतर के चलते चांदी के भाव बढ़ते जा रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि सोना-चांदी के बढ़ते भावों में निवेशक पैसा लगा सकते हैं लेकिन आम ग्राहक को थोड़ा इंतजार करना चाहिए। हालांकि सोना-चांदी के भाव अंतरराष्ट्रीय बाजारों और परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। आर्थिक विश्लेषक आदित्य जैन मनयां बताते हैं कि रुस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जैसे देशों में लंबे समय से युद्ध चल रहा है।

# जोमैटो ने पेटीएम के साथ मूवी टिकटिंग को लेकर चर्चा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो फिनटेक फर्म पेटीएम का मूवी टिकटिंग सर्विस और इवेंट बिजनेस खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। दोनों कंपनियों ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में यह बात कंफर्म की है। जोमैटो ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा- हम पेटीएम के मूवीज और टिकटिंग बिजनेस को खरीदने के लिए चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, अभी कोई बाइंडिंग डिसीजन नहीं लिया गया है। इसके लिए बोर्ड की मंजूरी लेनी पड़ेगी। वहीं, पेटीएम ने जोमैटो का नाम लिए बिना कंफर्म किया कि दोनों कंपनियों के बीच बात हो रही है। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट में खबर आई थी कि पेटीएम के मूवी टिकटिंग सर्विस और इवेंट बिजनेस को जोमैटो खरीदने जा रही है। जोमैटो को इस डील के लिए पेटीएम को 1,500 करोड़ रुपए दे सकती है। हालांकि, एक्सचेंज फाइलिंग में डील के अमाउंट का जिक्र नहीं है।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

### • दलीप ने सुनाया फिल्म का किस्सा, बोले-

# 33 की उम्र में आमिर के पिता का रोल निभाया था



*फिल्म में रोल बहुत अच्छा था इसलिए मैंने तुरंत हां कह दी जबकि बाकी एक्टर्स ऐसा करने से हिचकिचाते क्योंकि इतनी कम उम्र में कोई पिता का रोल नहीं करता। जब नासिर हुसैन सर ने मुझे ये रोल करने के लिए कहा तो मैं तुरंत मान गया*

वेटरन एक्टर दलीप ताहिल ने बॉलीवुड फिल्मों की अनकंवेशनल कास्टिंग पर बात की है। उन्होंने बताया कि 1988 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म कयामत से कयामत तक में जब उन्हें आमिर खान के पिता की भूमिका मिली तब उनकी उम्र 32-33 साल के बीच थी। इसके बावजूद दलीप ने उस रोल को स्वीकार करने का साहस किया और उसमें उनकी एक्टिंग की तारीफ भी हुई।

दलीप ताहिल ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा, कयामत से कयामत तक में मुझे पहली बार पिता का रोल ऑफर हुआ था और ये फिल्म मेरे लिए गेम चेंजर बन गई। मैं आमिर से आठ-दस साल बड़ा हूं। उस समय मेरी उम्र 32-33 साल के आसपास रही होगी इसलिए मैंने ये रोल स्वीकारने से पहले दोबारा नहीं सोचा। रोल बहुत अच्छा था इसलिए मैंने तुरंत हां कह दी जबकि बाकी एक्टर्स ऐसा करने से हिचकिचाते क्योंकि इतनी कम उम्र में कोई पिता का रोल नहीं करता। जब नासिर हुसैन सर (प्रोड्यूसर) ने मुझे ये रोल करने के लिए कहा तो मैं तुरंत मान गया।

इंटरव्यू में दलीप ताहिल से जब पूछा गया कि क्या उन्हें इतनी कम उम्र में पिता का रोल निभाने के बाद टाइपकास्ट होने का डर था तो उन्होंने कहा, उस समय तो समझ नहीं आया था लेकिन इस फिल्म के बाद मुझे कई पिता के रोल ऑफर होने लगे तो मुझे टाइपकास्ट होने का डर सताने लगा था क्योंकि एक्टर्स के साथ ये बड़ी समस्या होती है। अगर किसी रोल में सक्सेस मिल गई तो सब आपसे वही मिलते-जुलते किरदार निभाने की अपेक्षा करने लगते हैं लेकिन मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे कई अलग तरह के रोल करने का भी मौका मिला। 1988 में आई फिल्म कयामत से कयामत तक ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। मंसूर खान की डायरेक्शन में बनी फिल्म में आमिर खान और जूही चावला ने बतौर लीड स्टार डेब्यू किया था।

### • सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग को लेकर भड़कीं एक्ट्रेस

# यूजर ने उनकी फोटो शेयर कर पूछा-ये खाती क्या है? स्वरा बोलीं- कुछ अच्छा कीजिए नलिनी

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर बॉडी शेमिंग किए जाने पर भड़क गई हैं। दरअसल, हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर स्वरा की पुरानी और नई तस्वीर शेयर करके उनका लुक कंपेरिजन किया था। इतना ही नहीं यूजर ने स्वरा के बढ़े वजन का मजाक उड़ाते हुए कहा था, ये खाती क्या है? स्वरा ने ट्रोलर की इस पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, मैं मां बनी हूं, कुछ अच्छा कीजिए नलिनी। स्वरा इससे पहले भी सोशल मीडिया यूजर नलिनी की क्लास लगा चुकी हैं जो कि पेशे से खुद को फूड ब्लॉगर बताती हैं। कुछ दिनों पहले नलिनी ने अपने खाने की प्लेट का फोटो शेयर किया था जिसमें पनीर और फ्राइड राइस रखा था। नलिनी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा था, मुझे वेजिटेरियन होने पर गर्व है। मेरी प्लेट आंसुओं, क्रूरता और पाप से मुक्त है। स्वरा ने इस पोस्ट को रीशेयर करते हुए लिखा- सच कहूं तो। मुझे वेजिटेरियन लोगों की एक बात समझ नहीं आती। आप लोगों की सारी डाइट गायों को जबरन गर्भवती कराकर, फिर उन्हें उनके बच्चों से अलग करने और उनका दूध चुराने से बनती है। इसके अलावा आप जड़ वाली सब्जियां खाते हैं, जिससे पूरा पौधा ही खत्म हो जाता है। रिलैक्स करिए, बहुत ज्यादा सवाल-जवाब करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि बकरीद है। उनके इस कमेंट पर कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया था।

### बेबाकी के चलते नहीं मिल रहा काम

स्वरा पिछले दिनों इंडस्ट्री में साइडलाइन किए जाने वाले बयान की वजह से भी सुर्खियों में थीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि विवादित मुद्दों पर अपनी राय रखने और बेबाकी की वजह से उन्हें फिल्मों में काम नहीं मिल रहा है। उन्हें फिल्ममेकर्स और इंडस्ट्री के लोग साइडलाइन करते हैं। फिल्ममेकर्स उनके खिलाफ गलत बातें बोलते हैं और उन्हें विवादित एक्ट्रेस का टैग देकर काम नहीं देते हैं। स्वरा ने 2023 में समाजवादी पार्टी के नेता फहाद अहमद से शादी की थी। 23 सितंबर 2023 को स्वरा ने एक बेटी को जन्म दिया था जिसका नाम राबिया है। शादी के बाद से ही स्वरा फिल्मों से दूर हैं और बेटी की परवरिश में बिजी हैं।



### • लेट नाइट पहुंचे सलमान, रेखा और अनिल कपूर

# सोनाक्षी-जहीर की शादीः रिसेप्शन में सोनाक्षी ने पहनी लाल साड़ी







*सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने शादी कर ली है। कपल की रजिस्टर्ड मैरिज सोनाक्षी के बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में हुई। रजिस्टर्ड मैरिज के दौरान शत्रुघ्न सिन्हा, जहीर इकबाल को तिलक लगाते नजर आए। शादी के ठीक बाद मुंबई के दादर में स्थित बैस्टियन रेस्टोरेंट में कपल का रिसेप्शन हुआ है, जहां न्यूली वेड सोनाक्षी सिन्हा लाल साड़ी में सिंदूर लगाए पहुंचीं। कपल के करीबी सलमान खान टाइट सिक्योरिटी के साथ देर से पहुंचे। वहीं अनिल कपूर, रेखा, काजोल, संजय लीला भंसाली, सायरा बानो समेत कई सेलेब्स भी रिसेप्शन में शामिल हुए।*

### यात्रियों के साथ बैठे कुत्ते



भोपाल । राजधानी के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पर आवारा कुत्ते बड़ी समस्या बन गए हैं।

### शिक्षण सामग्री भेंट



भोपाल। जय हिंद सेना के सदस्यों ने सब पढ़े सब बढ़े का अभियान चलाया जिस क्रम में गरीब मजदूर के बच्चों को असहाय बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट की।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित किनाल कंपिल कॉलोनी में निजी बैंक की फाइनेंस कंपनी में नौकरी करने वाली युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास की है। घटना के समय उसके भैया भाभी प्रसाद बांटने के लिए कोलार गए हुए थे। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है। एएसआई निर्मल विश्वकर्मा ने बताया कि किनाल कंपिल कॉलोनी सलैया निवासी 25 साल की सौम्या प्रजापति पिता स्व इंद्रेश लालाराम प्रजापति, 11 नंबर स्टाप के पास नव धन बैंक ( फाइनेंस कंपनी ) में नौकरी करती थी। इससे पहले वह एचडीएफसी में काम कर चुकी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह वह घर में ही थी। दोपहर करीब 12 बजे उसके मौसेरे भाई हिमांशु प्रजापति पत्नी के साथ प्रसाद बांटने के लिए कोलार चले गए। दोपहर करीब डेढ़ बजे लौटे तो सौम्या अंदर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। हिमांशु ने उसे उसे फंदे से नीचे उतार लिया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## हमीदिया से भागी गर्भवती कैदी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हमीदिया अस्पताल से महिला प्रहरी को चकमा देकर फरार हुई महिला कैदी सालेहा खान 24 वर्ष को पुलिस ने कुरवाई से पकड़ लिया है। महिला रविवार सुबह बस से कुरवाई परिजनों से मिलने पहुंची थी। वह हत्या के एक मामले में सेंट्रल जेल भोपाल में विचाराधीन बंदी है और चार महीने की गर्भवती है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे उसे रूटीन चेकअप के लिए महिला प्रहरी अनीता त्रिपाठी के साथ हमीदिया अस्पताल के सुल्तानिया वार्ड में भेजा गया था। यहां उसने बाथरूम जाने का बहाना किया और मौका देखकर फरार हो गई। आरोपी महिला की तलाश में पुलिस उसकी घर तक चली गई।

# युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित दशमेश नगर कल शाम एक युवक ने फांसी लगा ली। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी बिहार गई हुई है। परिजन के बिहार से लौटने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार मोहम्मद सर्फराज खान पिता रियाज खान ( 35 ) मूलतः भागलपुर, बिहार का था। वह अफजल खान के मकान में किराए से अपनी पत्नी के साथ रहता था और औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में काम करता था। सर्फराज के मकान मालिक अफजल खान ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह से सर्फराज नजर नहीं आया। शाम को उसे देखने वह उसके कमरे पर पहुंचे तो पता चला कि उसने फांसी लगा ली है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि सर्फराज की पत्नी अभी गांव गई हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही वह परिजन के साथ भोपाल के लिए निकल गई है। उसके भोपाल पहुंचने पर शव का पीएम कराया जाएगा। इसके बाद बयान दर्ज किए जाएगे।

## एयरोसिटी रोड रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसा

# खड़े डंपर में घुसा बाइक सवार, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित ऐयरोसिटी रोड रिलायंश पेट्रोल पंप के पास बीती रात एक बाइक सवार सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसा। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस डंपर चालक पर मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार नसीम खान पिता सरीफ खान (39) बीडीए क्वार्टर गोदरमऊ में रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार रात वह बारिश के बीच घर लौट रहा था, तभी उसकी बाइक रिलायंश पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क पर खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी।




## घायल अवस्था में मिले युवक की मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासईया में ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य सड़क पर कल शाम एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जा रहे थे। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। युवक हादसे का शिकार हुआ या फिर खुद गिरा इसकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि परिजन से संपर्क नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल पिता हीरालाल ( 40 ) ट्रांसपोर्ट नगर, बिलखिरिया में रहता था। कल शाम करीब साज से आठ बजे के बीच ट्रांसपोर्ट नगर में वह सड़क प घायल अवस्था में पड़ा था। कन्हैयालाल के परिजन को जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और उसे लेकर निजी अस्पताल जा रहे थे। इससे पहले ही रास्ते में कन्हैयालाल की मौत हो गई।

## कार की टक्कर से ऑटो में बैठी बच्चियां समेत अन्य घायल

हमीदिया रोड पर रॉग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने आटो में टक्कर मार दी, जिससे आटो में बैठी बच्चियां समेत अन्य सवारियों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रामबरन ( 30 ) रासलाखेड़ी छोला मंदिर में रहते हैं और भानपुर स्थित एक ट्रांसपोर्स पर काम करते हैं। गत दिवस रामबरन अपने बच्चों के साथ आटो में बैठकर मनोहर डेयरी से नादरा बस स्टैंड की तरफ जा रहे थे। रात करीब सवा नौ बजे ऑटो दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा, तभी रॉग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो में बैठी उनकी बच्चियां नीचे गिरकर घायल हो गई। रामबरन और आटो चालक शैलेष को भी गंभीर चोट आई। हादसे में घायल दो बच्चियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर के 2 बाइकों पर सवार 4 लोग घायल



जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही दो मोटर सायकिलों को टक्कर मार दी। इस हादसों में दोनों बाइक पर सवार तीन युवक और एक युवती को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मो. फराज अहमद ( 26 ) बाफना कालोनी बैरसिया रोड पर रहता है और पढ़ाई करता है। वह अपने दोस्त आमिर की मोटर सायकिल पर बैठकर बोगदा पुल स्थित मेडिकल पर जा रहा था। दोनों बोगदा पुल के करीब पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनके आगे चल रही मोटर सायकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठा युवक और युवती सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उनको टक्कर मारने के बाद कार चालक ने आमिर की बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे आमिर और फराज भी गिरकर घायल हो गए। दोनों बाइकों में टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर पातरा पुल की तरफ भाग निकला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने चारों घायल कों इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। यहां आमिर और दूसरी बाइक पर सवार युवक अफजल तथा उसके साथ बैठी युवती को भर्ती कर लिया गया। फराज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद उसने थाने जाकर कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

# निशातपुरा पुलिस की कार्रवाई, तस्कर से साढ़े चार सौ ग्राम गांजा जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा पुलिस ने बीती रात अहसान नगर रोड सागर गेरे रेस्टोरेंट के सामने एक गांजा तस्कर को दबोचकर उसके पास से साढ़े चार सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत पांच हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अहसान नगर रोड पर सागर गेरे रेस्टोरेंट के सामने एक संदिग्ध खड़ा है और उसके पास मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए वहां से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से साढ़े चार सौ ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया है। गांजे की कीमत पांच हजार रुपए बताई जा रही हैं। आरोपी तस्कर की पहचान चांद नवाब पिता सब्बीर ( 23 ) ईशा मस्जिद के पास लाल क्वार्टर, लाल क्वार्टर के रूप में कर ली गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें मिली थी कि वह गांजा तस्करी से जुड़ा हुआ है। पुलिस गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है।

# राजधानी पुलिस ने नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान पखवाड़े के तहत भोपाल पुलिस शहर के समस्त थाना क्षेत्रों की बस्तियों, कॉलोनी, सार्वजनिक स्थानों पर नशा मुक्ति के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले नुकसान एवं समाज में दुष्प्रभाव के बारे मे एवं बच्चों व युवाओं में बढ़ता नशे का चलन से होने वाले गंभीर परिणामों एवं अपराधों के संबंध में जागरुक कर रही है। हबीबगंज, कोतवाली, मंगलवारा, अरेरा हिल्स, अवधपुरी, मिसरोद, अयोध्या नगर, हनुमानगंज, रातीबड़, निशातपुरा, एमपीनगर, ऐशबाग समेत अन्य थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान के तहत अलग-अलग कॉलोनी, झुग्गी बस्तियों, चौराहा में पुलिसकर्मी पहुंचे और नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। खासकर की युवा वर्ग से पुलिस प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि नशे के दुष्परिणाम को समझे। कालोनियो, कॉलेजों, स्कूलों में जा जाकर तथा आम लोगों के बीच जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, साथ ही मार्केट में व्यापारियों के साथ नशा मुक्त समाज बनाने के संबंध में जागरुकता अभियान चलाया।

**मेट्रो एंकर** | **शराब के परिवहन में उपयोग हुए वाहनों को किया जब्त**

# कार्रवाई: छोला मंदिर और कोलार में 40 हजार की अवैध शराब जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** छोला मंदिर और कोलार थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्तरी करने वालों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 40 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की गई। इसके साथ ही शराब के परिवहन में उपयोग किए जा रहे वाहनों को भी जब्त किया गया।



पुलिस के मुताबिक शनिवार देर रात सूचना मिली कि कैंची छोला इलाके में कुछ युवक अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदेहियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी वीरेंद्र कुचबंदिया निवासी कैंची छोला के पास अवैध रूप से रखी 300 क्वार्टर और बबलू सरदान के पास से 100 क्वार्टर अवैध शराब जब्त हुई। दोनों के पास से जब्त हुई शराब की कीमत तीस हजार रुपए बताई गई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इधर, कोलार थाना पुलिस ने दानिश कुंज पुलिया के पास एक कार को रोककर तलाशी ली तो उसके अंदर 7 बोतल अंग्रेजी शराब रखी मिली। पुलिस ने उक्त शराब और कार जब्त कर ली। जब्त हुई शराब की कीमत 9 हजार रुपए है। कार चालक जितेश अहिरवार निवासी पिपलानी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इसी प्रकार गरीब नगर कोलार रोड से पंचू विश्वकर्मा के पास से अवैध रूप से रखी 2 हजार रुपए की शराब जब्त की गई। एक अन्य कार्रवाई में अयोध्या नगर पुलिस ने रमेश से 14 सौ रुपए और खजूरी सड़क पुलिस ने सचिन से 13 सौ रुपए की अवैध शराब जब्त की है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022